दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-31 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 08 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



# एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

## घरेलू गैस 60 रुपये और कामर्शियल सिलेंडर के दाम 115 रुपये बढ़े



नई दिल्ली (आरएनएस)। आम लोगों और कारोबारियों को एक और महंगाई का झटका लगा है। शनिवार, 7 मार्च से घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की वृद्धि की है। वहीं 19 किलोग्राम वाले कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 115 रुपये बढ़ाए गए हैं। इस बढ़ोतरी का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। मुंबई में इसकी कीमत 852.50 रुपये से बढ़कर 912.50 रुपये हो गई है। वहीं चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये हो गई है। नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं।

### कामर्शियल सिलेंडर भी हुआ महंगा

कामर्शियल इस्तेमाल के लिए आने वाले 19 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी भारी बढ़ोतरी की गई है।

दिल्ली: 1768.50 रुपये से बढ़कर 1883 रुपये

मुंबई: 1720.50 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये

कोलकाता: 1875.50 रुपये से बढ़कर 1990 रुपये

चेन्नइ: 1929 रुपये से बढ़कर 2043.50 रुपये

गौरतलब है कि अप्रैल 2025 के बाद पहली बार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया गया है। इस ताजा बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

### देशभर के पेंशनधारक न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर 9 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति (NAC) ने 9 से 11 मार्च तक नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। इस प्रदर्शन में देशभर से पेंशनधारक शामिल होकर कर्मचारी पेंशन योजना (EPS-~z) में तत्काल सुधार और न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग उठाएंगे। यह प्रदर्शन NAC के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत के नेतृत्व में होगा और यह संसद के चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान आयोजित किया जा रहा है। पेंशनधारक इस प्रदर्शन के माध्यम से देश के विधायकों और नीति-निर्माताओं का ध्यान लाखों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। वर्तमान में देशभर में लगभग 81 लाख पेंशनधारक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा संचालित ईपीएस-95 योजना पर निर्भर हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से स्वदेश लौटे जैन परिवार ने जताया आभार

### सदस्यों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किया स्वागत



भोपाल (आरएनएस)। ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के दौरान उज्जैन से शारजाह गया जैन परिवार भी फंस गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से संपर्क करने के बाद मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से यह परिवार सकुशल उज्जैन लौट पाया। शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उज्जैन आगमन पर जैन परिवार के सदस्यों ने वीवी आईपी गेस्ट हाउस पर डॉ. यादव का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। विगत दिनों उज्जैन निवासी अशोक तल्लेरा (जैन) परिवार के सदस्यों पत्नी संगीता तल्लेरा, बेटा श्रेयांस, बहू अंजली और 02 वर्षीय बालिका के साथ 23 फरवरी को इंदौर से शारजाह गए थे। परिवार की वापसी 01 मार्च को होना थी इसी बीच युद्ध शुरु होने के कारण फ्लाईट्स बंद हो गई थी। परिवार के सदस्यों ने भारतीय दूतावास में संपर्क कर वापस लौटने के प्रयास किए। वेटिंग होने के कारण मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा की तो उन्होंने तुरंत विशेष प्रयास कर जैन परिवार को भारत के लिए रवाना करवाया। श्री तल्लेरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के कारण विदेशों में जाने वाले भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। युद्ध के कारण विदेश में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से ही जल्दी वापसी हुई है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी विदेश में युद्ध के कारण फंसे मध्यप्रदेश के निवासियों की वापसी के लिए प्रयास करने के कारण ही लोग सकुशल घर पहुंच सके है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किए गए प्रयास के लिए परिवार के सभी सदस्यों ने उनका अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया है। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव भी उपस्थित थी।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु कल मानेकशॉ सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की शोभा बढ़ाएंगी*

### *उद्घाटन समारोह के पश्चात दो पैनल चर्चाओं का आयोजन किया जाएगा*



नई दिल्ली (आरएनएस )। भारत सरकार कल 8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन कर रही है। इस अवसर पर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु होंगी।

इस कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्री, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, श्रीमती सावित्री ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। विश्व स्तर पर 8 मार्च को मनाए जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान का उत्सव मनाता है। यह दिवस जेंडर इक्वालिटी, सुरक्षा, गरिमा और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः दोहराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### खामेनेई शहादत रैलियों में गिरफ्तार महिलाओं सहित प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें : महबूबा मुफ्ती

श्रीनगर(आरएनएस)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस से खास अपील की है। उन्होंने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के बाद शांतिपूर्ण रैलियों में हिस्सा लेने वाली महिलाओं सहित प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा किया जाए। महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के बाद शांति से रैलियों में हिस्सा लेने के लिए कश्मीर में महिलाओं समेत कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने उनके परिवारों को भरोसा दिलाया था कि उन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन बदकिस्मती से ऐसा नहीं हुआ। जम्मू-कश्मीर पुलिस से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द उनकी रिहाई पर विचार करें।

### विचित्र विनोद के होली विशेषांक का हुआ लोकार्पण

## उपाधियों को पढ़कर आनंद और हास्य की अनुभूति होती : महेश सक्सेना

### यह विशेषांक हास्य व्यंग्य का अनूठा विशेषांक है : पी.सी. शर्मा



भोपाल (निर्भय मीणा)। विचित्र विनोद होली विशेषांक का लोकार्पण पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय द्वारा किया गया। श्री के.के.सक्सेना (सम्पादक) एवं विलक्षण सक्सेना (संचालक) द्वारा उपस्थित जनो पर लिखित उपाधी का वाचन किया गया। जिसकी पी.सी. शर्मा द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई साथ ही विचित्र विनोद की निरन्तरता पर उन्होंने साधुवाद दिया। श्री पी.सी. शर्मा ने विशेषांक में लेखन की गई कुछ चुनिंदा उपाधियों का वाचन किया तो वहीं महापौर मालती राय ने भी उपाधियां पढ़कर होली का गुलाल वहां मौजूद श्रोताओं के माथे पर लगा दिया। श्री शर्मा ने कहा कि यह विशेषांक हास्य व्यंग्य का एक ऐसा अनूठा विशेषांक है जिसे किसी पहचान की जरूरत नहीं है विचित्र विनोद की 5 दशक लम्बी यात्रा प्रशंसनीय है मैं इस कार्यक्रम से विगत कई वर्षों से जुडा हुआ हूं। वरिष्ठ साहित्यकार महेश सक्सेना जी ने कहा कि इस विशेषांक का हम सभी लोगों को इंतजार रहता है कि हमें इस बार कौन सी उपाधि से नवाजा गया है। विशेषांक में विभिन्न राजनैतिक, साहित्यिक, पत्रकार, एडवोकेट, समाजसेवी, डॉक्टर व देश, प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यक्ति व्यक्तियों पर लिखित उपाधियों को पढ़कर आनंद और हास्य की अनुभूति होती है। मैं विचित्र विनोद परिवार के सभी लोगों को बधाई देता हूं। विचित्र विनोद के होली विशेषांक की शुरूआत श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी द्वारा सन 1973 में की गई थी, जिसे श्री के.के.सक्सेना जी द्वारा निरन्तर प्रकाशित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संचालन श्री विलक्षण सक्सेना द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में होली के गीतों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार जैन नीलेश जैमनी, संतोष साहू, अरूण पटेल, उमेशराव घोलप, प्रदीप जैन, राजकुमार वर्मा, ज्योति शिंदे सुनील श्रीवास्तव, पं. लक्षपति दुबे, सिरनाम सिंह चौहान, शिवी शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, अनिता दुबे, अंशु शर्मा, हेमन्त गुर्जर, उमेश यादव, निशा शर्मा, सुरेश शर्मा, दिनेश जोशी, धर्मेन्द्र सक्सेना, मिनी सक्सेना, कर्नल डॉ. गिरिजेश सक्सेना, एम.के. शर्मा, प्रहलाद दास, रमेश जोशी, ललित शर्मा, राजेन्द्र धनोतिया, आई.बी.शास्त्री, चन्द्रकान्त, जी.के. छिब्बर, संदीप कपूर, राजेश दाहिमा, सुनील सिंह, एस.के.जडिया, डॉ. एच.एल. चौधरी, डॉ साधना गंगराडे, सुनील गंगराडे, प्रदुम्न सक्सेना, ब्रजेन्द्र तिवारी, निर्मला सक्सेना, संजय चौहान, किरण सक्सेना, आरिफ मिर्जा, निर्भय मीणा, संदीप पंडा, राजेश मोहनियां, अनुराग मालवीय, अभिषेक मिश्रा, सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण के कार्यालय में दिनांक 8 मार्च 2026 को रंग पंचमी पर अवकाश रहेगा अत: अगला अंक दिनांक 10 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## टटीरी सॉन्ग पर बुरे फंसे बादशाह, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कड़ी कार्रवाई का दिया आदेश



पानीपत ,(आरएनएस)। टटीरी सॉन्ग को लेकर रैपर और सिंगर बादशाह बुरी तरीके से फंस चुके हैं। अब नौबत यह आ गई है कि हरियाणा पुलिस ने बादशाह के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है, ताकि वह देश छोड़कर भाग न जाए। बादशाह को गाने को भी यूट्यूब और बाकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का निर्देश भी जारी किया गया है। अब इस मामले में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने रैपर बादशाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जैसे ही यह मामला हमारे संज्ञान में आया कि सरकारी स्कूल ड्रेस में और महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों के साथ एक गाना रिलीज किया गया है, सरकार की तरफ से मामले में एफआईआर दर्ज की गई है और गाने में दिखाई गई रोडवेज बस का भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जांच में रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ भी सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तक इस मामले की जांच की जा रही है।

इसी बीच, सिंगर बादशाह ने सोशल मीडिया के जरिए टटीरी सॉन्ग विवाद पर माफी भी मांग ली है। उनका कहना है कि लिरिक्स और विजुअल्स की वजह से हरियाणा के लोगों, खासकर मेरे हरियाणा के लोगों को ठेस पहुंची है और उनका इरादा किसी को दुख पहुंचाने का नहीं था। रैपर ने वीडियो के जरिए हरियाणा के लोगों से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा, अगर किसी को ठेस पहुंची है तो दिल से क्षमा चाहते हैं।




दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से सभी पाठकगणों को रंगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

-संपादक


## पूर्व गूगल वेंडर कर्मचारी ने धार्मिक भेदभाव का आरोप लगाया, सुप्रीम कोर्ट में लंबित समीक्षा याचिका पर सुनवाई की मांग



नई दिल्ली,(आरएनएस)। कश्मीरी मुस्लिम तकनीकी पेशेवर ज़ाहिद शौकत ने आरोप लगाया कि गुरुग्राम स्थित गूगल रोल्टा टावर्स में लगभग 18 महीनों तक काम करने के दौरान उन्हें धार्मिक भेदभाव और "बनावटी तरीके से नौकरी समाप्त" किए जाने का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लगभग 8–9 वर्ष पहले नौकरी से हटाए जाने के बाद से ही वे न्याय पाने के लिए विभिन्न संस्थानों से संपर्क करते रहे हैं। ज़ाहिद के अनुसार, उन्होंने सबसे पहले गूगल के खिलाफ शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में की थी। पीएमओ ने इस मामले को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को भेज दिया, लेकिन उनका आरोप है कि आयोग ने यह कहते हुए मामला तीन-चार बार बंद कर दिया कि गूगल ने उन्हें पत्र भेजे थे जिनका उन्होंने जवाब नहीं दिया। ज़ाहिद का कहना है कि उन्हें ऐसे कोई पत्र कभी प्राप्त नहीं हुए और न ही मामले की प्रगति के बारे में उन्हें सूचित किया गया, जिसके कारण मामला बार-बार बंद होता रहा। इन घटनाक्रमों के बाद उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस याचिका में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, श्रीनगर जिला अदालत के सिटी मुंसिफ और एसएसपी श्रीनगर को प्रतिवादी बनाया गया था। ज़ाहिद ने बताया कि सितंबर 2024 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के समक्ष वर्चुअल सुनवाई के दौरान उन्होंने स्वयं अपना पक्ष रखने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बोलने के लिए बहुत कम समय दिया गया और याचिका खारिज कर दी गई।

### जींद में रंग बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग, चार महिलाओं की जलकर मौत, 13 लोग गंभीर रूप से झुलसे

जींद (आरएनएस )। सफीदों में एक होली के रंग बनाने वाली फैक्ट्री में सुबह 11 बजे अचानक आग लग गई। इस फैक्ट्री में 17 लोग काम कर रहे थे। इनमें से पांच पुरुष और 12 महिलाएं थे।

आग से झुलसने के कारण चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 लोग झुलस गए। इनमें से 6 को नागरिक अस्पताल में रेफर किया गया। यहां से अधिक झुलसने के कारण पांच लोगों को रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया गया।

रोहतक रेफर किए गए दो लोगों की हालत बहुत ही नाजुक है। नागरिक अस्पताल में इस समय पवन नामक युवक दाखिल है, जो केवल आठ प्रतिशत ही जला हुआ है।





अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण एक नए मिशन में बदल गया है, जहां प्रदेश की हर महिला प्रगति के पथ पर एक स्वावलंबी भागीदार है
मध्यप्रदेश के प्रगतिशील परिवर्तन की
स्वावलंबी भागीदार नारी शक्ति
सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण
• 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को हर माह ₹1500 की सहायता से सुनिश्चित हो रहा आर्थिक स्वावलंबन
• महिलाओं के नाम संपत्ति पर रजिस्ट्री शुल्क में 2% विशेष रियायत से मिला भूमि और संपत्ति पर अधिकार
• 62 लाख महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर हुईं आत्मनिर्भर
• 'लखपति दीदी योजना' से 12 लाख+ महिलाओं की वार्षिक आय हुई ₹1 लाख से अधिक
• 89 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन और लाड़ली बहनों को ₹450 में सस्ते गैस सिलेंडर से मिली रसोई में राहत
• 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान से कृषि में बढ़ रही भागीदारी
प्रशासनिक-राजनीतिक भागीदारी
• शासकीय नौकरियों में 35% तक आरक्षण से बढ़ी प्रशासनिक एवं निर्णयकारी पदों पर महिलाओं की मौजूदगी
• पंचायत एवं नगरीय निकायों में 50% तक आरक्षण से मिली लोकतंत्र में ऐतिहासिक भागीदारी
सुरक्षा ने बढ़ाया आत्मविश्वास
• 'वन स्टॉप सेंटर' से हिंसा पीड़िता को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य और कानूनी परामर्श, हर जिले में सुरक्षित एवं त्वरित सहायता
• थानों में विशेष महिला हेल्प डेस्क
• संकट की स्थिति में डायल 181/1098 या 112 पर तुरंत सहायता
• छात्राओं एवं कार्यरत महिलाओं के लिए सुरक्षित और किफायती छात्रावास
शिक्षा एवं रोज़गार के अवसरों तक पहुंच
• जन्म से उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता दे रही लाड़ली लक्ष्मी योजना
• जन्मदर सुधार, शिक्षा प्रोत्साहन और बालिकाओं की सुरक्षा पर केंद्रित अभियान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ
• एमएसएमई इकाइयों में महिलाओं को प्रोत्साहन, 47% से अधिक एमएसएमई महिलाओं के नेतृत्व में संचालित
• कौशल, परामर्श और आर्थिक सशक्तिकरण हेतु हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन एकीकृत केंद्र संचालित
• कौशल और रोज़गार सहायता के लिए 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम
स्वास्थ्य की बेहतरी
• प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण सहायता
• जननी सुरक्षा योजना से ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों की गर्भवती महिलाओं को सीधी सहायता
• गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए पोषण तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा हेतु आंगनवाड़ी सेवाएं
• मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में जागरुकता हेतु सुमन सखी चैटबॉट की शुरुआत
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
D-11217/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## हादसों पर अंकुश लगाने प्रशासन का बुलडोजर प्रहार

गुना (ए.)। शहर के व्यस्ततम बजरंगगढ़ बायपास और एबी रोड पर लगातार हो रहे जानलेवा हादसों के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सख्ती के मूड में है। शनिवार को नगरपालिका, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने भुल्लनपुरा तिराहे पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर अतिक्रमण विरोधी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जेसीबी की मदद से दुकानों के बाहर बने स्थाई चबूतरे, टीनशेड और अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया।

**हादसों के बाद जागा प्रशासन**

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बजरंगगढ़ बायपास पर एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें एक बालक का पैर ट्रक की चपेट में आने से बुरी तरह कुचल गया था। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों का आक्रोश चरम पर था और उन्होंने सडक़ जाम कर भारी वाहनों के प्रवेश व अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके अलावा एबी रोड पर भी एक अनियंत्रित ट्रक ने चार लोगों को रौंद दिया था, जिसमें एक युवक की जान चली गई थी। इन गंभीर घटनाओं के बाद कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार और नगर पालिका की टीम सक्रिय हुई है।

## खाटू श्याम मंदिर- स्थापना दिवस पर निकली भव्य निशान यात्रा



इन्दौर(ए.)। श्री खाटू श्याम मंदिर की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री भक्त वत्सल सार्वजनिक विकास समिति, सागर विहार कॉलोनी द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। समिति अध्यक्ष राधा राठौर के अनुसार मंदिर से प्रारंभ होकर सम्पूर्ण कॉलोनी में घूमी इस यात्रा में बड़ी संख्या में खाटू श्याम भक्त शामिल हुए और जय श्री श्याम के जयघोष करते हुए भक्ति रस में डूबे नजर आए। यात्रा के दौरान महिलाओं ने सिर पर निशान धारण कर श्रद्धा अर्पित की, वहीं भजन-कीर्तन और पुष्प वर्षा से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, मनोहर जांगिड़, परमानंद जांगिड़, गोकुल गुर्जर, संजय घेर, जीतू चोरे, अभिषेक नायक, आरती राठौर व पूजा राठौर उपस्थित रहे। यात्रा समापन उपरांत समिति ने आभार व्यक्त कर धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को सतत् जारी रखने का संकल्प लिया।

## कलेक्टर बंगले मे होली खेल, बच्चों के चेहरों पर बिखरे खुशियों के रंग

सतना (ए.)। कलेक्टर बंगले में शुक्रवार की सुबह कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए खुशियों के नए रंग लेकर आई। कलेक्टर सपरिवार जिले भर के इन बच्चो के मेजबान बने और अपने निवास में इन बाल मेहमानो की खूब आव-भगत की। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के साथ उनके विशेष रूप से बाल सुलभ साज-सज्जा युक्त कलेक्टर बंगले मे जिले भर से आये बच्चों ने आत्मीयता पूर्वक होली मनाई, रंग-गुलाल के साथ मस्ती की। बच्चों ने फिसल पट्टी, झूले, विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और डीजे में डांस का मजा लिया। बच्चे जब वापस लौटे तो उनके हाथों में गिफ्ट और चेहरों पर खुशी भरी मनमोहक मुस्कान नजर आई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन एवं कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की विशेष पहल पर शुक्रवार को कलेक्टर बंगले में महिला बाल विकास द्वारा वात्सल्य उत्सव एवं बाल रंग 2026 होली मिलन का पांचवां आयोजन किया गया था।

## प्रशासन द्वारा ललपुर में 5 डम्पर अवैध रेत को किया गया जमींदोज



जबलपुर(ए.)। राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज गोरखपुर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम ललपुर में अवैध रेत उत्खनन और भंडारण के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की। स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई। मौके पर पहुँची खनिज विभाग और पुलिस बल की टीम ने ग्राम ललपुर में अवैध रूप से संग्रहित कर रखी गई भारी मात्रा में रेत को अपने कब्जे में ले लिया। प्रशासनिक आकलन के अनुसार यह जखीरा लगभग 5 डम्पर रेत का था, जिसे माफियाओं द्वारा अवैध विक्रय के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया था। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने जब्त की गई पूरी रेत को मौके पर ही मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया, ताकि इसका दोबारा व्यावसायिक उपयोग न किया जा सके।

## जादू टोने के शक में भांजे ने ही की थी अधेड की सिर काट हत्या

**– कुंडम में हुई वारदात का खुलासा : दोस्त के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम**

जबलपुर, (ए.)। जबलपुर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर देहात थाना कुंडम के ग्राम बिसनपुरा में गला काटकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भांजे व उसके एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। वारदात जादू-टोना के शक पर की गई थी। गौरतलब हो कि शुक्रवार 6 मार्च की देर शाम गांव के बाहर 50 वर्षीय भूरालाल यादव का शव सिर से अलग हालत में मिला था। सूचना मिलने पर कुंडम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आज 7 मार्च शनिवार की सुबह पुलिस ने गांव के ही दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि जादू-टोना और गाली देने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने कुल्हाड़ी से भूरालाल की हत्या कर दी और शव को गांव के बाहर जंगल में फेंक दिया।

मार्च की शाम मिली सिर कटी लाश : 6 मार्च की शाम बिसनपुरा गांव के कुछ ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक शव देखा, जिसका सिर और धड़ अलग-अलग पड़े थे। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना कुंडम थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई कर जांच शुरू की। बाद में शव की पहचान गांव के ही 50 वर्षीय भूरालाल यादव के रूप में हुई, जो खेती के साथ-साथ आसपास के इलाकों में झाड़-फूंक का काम करता था।मृतक के भाई नन्हेंलाल ने पुलिस को बताया कि भूरालाल 4 मार्च की दोपहर से लापता था। दोपहर में खाना खाने के बाद वह घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसे आसपास के गांवों में भी तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दो दिन बाद ग्रामीणों से शव मिलने की जानकारी मिली।

## लाइनमैन दिवस पर दमोह में 21 विद्युत कर्मियों का सम्मान

दमोह, (ए.)। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले लाइनमैनों के सम्मान में शनिवार को मध्यप्रदेश के दमोह जिला मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के दक्षिण संभाग स्थित किल्लाई नाका परिसर में हुए समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 लाइनमैनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता अमित चौहान, कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू, सहायक अभियंता राघवेन्द्र इडापाची तथा कनिष्ठ अभियंता पूजा खोबरागड़े, शिवानी गुप्ता और राजेश बियार सहित विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोयला लदी मालगाडी कि 4 डिब्बे बेपटरी, रेल यातायात अवरुद्ध

**– कटनी एनकेजे के पास दुर्घटना – युद्ध स्तर पर सुधार कार्य**

जबलपुर, (ए.)। जबलपुर रेल मंडल के कटनी-बिलासपुर रेल खंड पर कटनी मुड़वारा व न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) के बीच कोयले से भरी मालगाड़ी के कुछ डिब्बे कटनी एनकेजे के पास पटरी से उतर गए। घटना में हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन इस रूट पर रेल यातायात अवरूद्ध हो गया । जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह कोयला भरी मालगाडी के 4 से ज्यादा डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। बिलासपुर रूट से आ रही मालगाड़ी सुबह 11 बजे कटनी पहुंचने बाली थी। इसी बीच गायत्री नगर आउटर पर मालगाड़ी के पहिए पटरी से उतर गए। खबर लगते ही एनकेजे से रेलवे अधिकारी, जीआरपी, आरपीएफ बल व जबलपुर से दुर्घटना राहत गाड़ी (एआरटी) मौके पर पहुंच गई। साथ ही जबलपुर से मंडल रेल प्रबंधक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके थे। दापहर बाद तक रेल ट्रैक से मालगाड़ी के डिब्बे व खिरा हुआ कोयला हटाने का काम किया जाता रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर में सुबह 10.50 बजे रेलवे ने खतरे का 3 बार सायरन बजाया, जिससे रेल कर्मचारियों के साथ-साथ सायरन की आवाज सुनने वाले आम



लोगों में भी किसी रेल दुर्घटना की आशंका से हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि कटनी मुड़वारा-एनकेजे लाइन में मालगाड़ी (बॉक्स एन) दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसके चलते जबलपुर से भी दुर्घटना राहत गाड़ी रवाना की गई है। बताया जाता है कि दुर्घटना के कारण कई डिब्बे लाइनों में इधर-उधर हो गये, कई के तो पहिये तक निकल गये जिससे यातायात प्रभावित होने के अलावा, रेल लाइन, ओएचई को भी नुकसान पहुंचा है। इस मेन लाइन पर दुर्घटना के कारण रेल संचालन ठप हो गया जिसके बाद रेल प्रशासन ने फ्लाईओवर रेलमार्ग से यातायात को बहाल करने की कबायद की।

सीनियर डीसीएम, जबलपुर रेल मंडल. डॉ. मधुर वर्मा ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कटनी मुड़वारा-एनकेजे के बीच गुड्स ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई जिससे इस रास्ते रेल यातायात प्रभावित हुआ जिसे बहाल किये जाने दापहर बाद तक प्रयास कर यातायात समान्य करने का प्रयास समाचार लिखे जाने तक जारी है।

**शनिवार को मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ ..........**

गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन जो प्रारम्भिक स्टेशन संतरागाछी से दिनाँक 06.03.2026 को चलकर मार्ग से होते रास्ते में अब दिनाँक 07.03.2026 को वाया कटंगी खुर्द रेलवे स्टेशन से हरदुआ रेलवे स्टेशन के बीच ग्रेड सेपरेटर मार्ग से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन जो प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से दिनाँक 06.03.2026 को चलकर मार्ग से होते रास्ते में अब दिनाँक 07.03.2026 को वाया न्यू कटनी जंक्शन-कटनी से होकर जबलपुर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस दिनाँक 07.03.2026 को प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से चलकर वाया कटनी-एनकेजे होकर गंतब्य को जाएगीइसी तरह गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस दिनाँक 07.03.2026 को प्रारम्भिक स्टेशन अम्बिकापुर से चलकर वाया एनकेजे-कटनी होकर जबलपुर पहुँचेगी।

# व्यापार समाचार

## डॉलर के मुकाबले तेजी से नीचे नहीं गिरेगा रुपया! RBI ने उठाया बड़ा कदम, बैंकों से मांगी यह जानकारी

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच बैंकों से फॉरेक्स सौदों से जुड़े ग्राहकों के लेन-देन और पोजीशन की विस्तृत जानकारी मांगी है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य यह पता लगाना है कि कहीं बड़े स्तर पर भारतीय रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी तो नहीं हो रही है।पिछले छह महीनों के दौरान रुपये में डॉलर के मुकाबले काफी कमजोरी देखी गई है। इस अवधि में रुपया करीब 88 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से गिरकर 92 रुपये के आसपास तक पहुंच गया था। शुक्रवार को भी रुपया 91.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आरबीआई बाजार में बढ़ती अस्थिरता को नियंत्रित करने और स्थिति की सही तस्वीर समझने के लिए यह कदम उठा रहा है।

**इन कारणों से बढ़ा रुपये पर दबाव**

विशेषज्ञों के अनुसार रुपये में गिरावट के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। बड़े कॉरपोरेट घराने भविष्य के आयात के लिए पहले से डॉलर की खरीद कर रहे हैं। इसके अलावा ऑफशोर नॉन-डिलिवरेबल फॉरवर्ड (NDF) और फॉरवर्ड मार्केट में आर्बिट्राज डील्स भी बढ़ी हैं। वहीं बैंक भी अपनी तय सीमा के भीतर ट्रेडिंग पोजीशन बढ़ा रहे हैं, जिससे बाजार में दबाव बढ़ रहा है।इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, खासकर ईरान-इजरायल और अमेरिका से जुड़ी



परिस्थितियां, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, चालू खाता घाटा और विदेशी निवेश प्रवाह में कमी भी रुपये की कमजोरी की प्रमुख वजह मानी जा रही हैं। हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुई व्यापारिक समझौते से कुछ राहत जरूर मिली थी, लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण फिर से दबाव बढ़ गया है।

**बैंकों को देनी होगी यह जानकारी**

आरबीआई ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे स्पॉट, फॉरवर्ड और ऑफशोर NDF बाजार में ग्राहकों के लेन-देन का पूरा ब्योरा दें। विशेष रूप से 10 मिलियन डॉलर से अधिक के सौदों में ग्राहक का नाम और डॉलर खरीदने या बेचने का उद्देश्य बताना जरूरी होगा। इसके अलावा बैंकों को अपनी ओपन पोजीशन और इंटर-बैंक बाजार में कुल खरीद-बिक्री की जानकारी भी देनी होगी।

**आरबीआई को मिलेगी रणनीति बनाने में मदद**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के आंकड़ों से आरबीआई को बाजार में हो रही गतिविधियों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। इससे केंद्रीय बैंक रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए समय रहते उचित कदम उठा सकेगा।बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि जब आरबीआई इस प्रकार का डेटा मांगता है तो इसे बाजार में सट्टेबाजी को सीमित करने के संकेत के रूप में भी देखा जाता है। हालांकि इस संबंध में कोई औपचारिक निर्देश जारी नहीं किया गया है।फिलहाल आरबीआई किसी विशेष स्तर पर रुपये को बचाने की रणनीति नहीं अपना रहा है, लेकिन जरूरत पड़ने पर फॉरवर्ड मार्केट में बाय-सेल स्वैप जैसे उपायों के जरिए हस्तक्षेप किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक तनाव जारी रहता है और विदेशी निवेश कमजोर रहता है, तो आने वाले समय में भी रुपये पर दबाव बना रह सकता है।

## LPG के बाद अब पेट्रोल-डीजल हो सकते हैं महंगे, मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के कारण शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। ब्रेंट क्रूड की कीमत 91.84 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) का दाम 89.62 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया।इस तेजी के साथ ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई की कीमतों में क्रमश: 24.55 प्रतिशत और 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ने की आशंकाएं फिर से तेज हो गई हैं। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स अप्रैल 2024 के बाद पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत दिन के दौरान लगभग 11 प्रतिशत बढ़कर 89.62 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान को 'निर्धारित समय से पहले और पहले कभी न देखे गए स्तर पर' नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## पाकिस्तान में 55 रुपए प्रति लीटर महंगे हुए पेट्रोल और डीजल, ये है वजह



लाहौर (ए.)। अगर आप वाहनचालक हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। पाकिस्तान में हुई इस बढ़ोतरी के बाद यहां पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। पाक पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज़ मलिक ने टीवी पर एक वीडियो जारी कर रिटेल फ्यूल कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की जानकारी आवाम को दी। उन्होंने बताया कि पेट्रोल की कीमत 335.86 रुपये और डीजल की कीमत 321.17 रुपये हो गई है। इसमें 55 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, "जैसे ही अंतरराष्ट्रीय स्थिति में सुधार होगा, हम उतनी ही तेजी से कीमतें भी कम कर देंगे।" इससे पहले डार ने कहा था कि इस संकट के कारण वैश्विक तेल कीमतों में 50 से 70 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, "कई देशों में कीमतें स्वत: बढ़ जाती हैं लेकिन हमने उपभोक्ताओं पर न्यूनतम बोझ डालने और संतुलित समाधान निकालने की कोशिश की है।"

## इंडिगो देश की पहली एयरलाइन बनी जिसमें 1000 से ज्यादा महिला पायलट

नई दिल्ली(ए.)। भारत के विमानन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। निजी क्षेत्र की विमानन सेवा कंपनी इंडिगो ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक हजार से अधिक महिला पायलटों वाली देश की पहली विमानन कंपनी बनने की



घोषणा की।देश की पसंदीदा बजट एयरलाइन ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इंडिगो ने एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के बेड़े में लड़की की शक्ति और बढ़ी है। इसके साथ ही इंडिगो भारत की पहली एयरलाइन बन गई है, जिसमें एक हजार से ज्यादा महिला पायलट हैं। कंपनी की यह उपलब्धि न सिर्फ कंपनी के लिए, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इंडिगो में कुल पायलट कार्यबल में 17.5 फीसदी पायलट महिला हैं, जो वैश्विक औसत से तीन गुना से अधिक है। कंपनी ने बताया कि एयरलाइन एक विविधतापूर्ण और समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो पूरे भारत में विमानन क्षेत्र में महिलाओं की नई पीढ़ी की बदलती उम्मीदों को दिखाता है। कंपनी ने कहा कि आज इंडिगो के कुल कार्यबल में 45 फीसदी से ज्यादा महिलाएं हैं और यह सभी रोल में बराबर मौके देना जारी रखे हुए है। एयरलान के मुताबिक कॉकपिट के अलावा एयरपोर्ट ऑपरेशन स्टाफ में 30 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर वर्कफोर्स में लगभग 25 फीसदी महिलाएं हैं। वित्त में 20 फीसदी से ज़्यादा महिलाएं हैं, डिजिटल में 15 फीसदी से ज्यादा महिलाएं हैं, जबकि लीडरशिप पोजीशन में 23 फीसदी से ज्यादा महिलाएं कार्यरत हैं।

## सेंसेक्स और निफ्टी में दिखा एक साल से भी ज्यादा का दबाव




**– कमजोर ग्लोबल संकेतों, गिरते रुपये और एफआईआई की लगातार बिकवाली ने बाजार में दबाव बढ़ाया**

मुंबई (ए.)। इस हफ्ते 6 मार्च को समाप्त भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण समय रहा। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में लगातार गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। कमजोर ग्लोबल संकेतों, गिरते रुपये और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने बाजार में दबाव बढ़ाया। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भी निवेशकों की चिंता को बढ़ाया। परिणामस्वरूप हफ्ते के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी ?गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह होली के अवसर पर शेयर बाजार 3 मार्च को बंद रहा, ?जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार में एक ?दिन कम कारोबार हुआ। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को ही बाजार लाल निशान में शुरू हुआ। शुरुआती सत्र में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1,048.34 अंक गिरकर 80,238.85 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 312.95 अंक की गिरावट के साथ 24,865.70 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत निवेशकों की सतर्कता को बढ़ाने वाले मुख्य कारण रहे। बुधवार को भी स्थिति अनुकूल नहीं रही।

सेंसेक्स 1,122.66 अंक गिरकर 79,116.19 पर और निफ्टी 385.20 अंक गिरकर 24,480.50 पर बंद हुआ। हालांकि गुरुवार को वैश्विक बाजारों में उछाल और एक दिन की राहत के कारण बाजार हरे निशान में कारोबार करता दिखा। सेंसेक्स 899.71 अंक बढ़कर 80,015.90 पर और निफ्टी 285.40 अंक की तेजी के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को फिर से बाजार दबाव में आया।

## भारत के पास 250 मिलियन बैरल कच्चा तेल, 7-8 सप्ताह का बफर मौजूद

नई दिल्ली (ए.)। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने इस आशंका को खारिज किया कि मौजूदा वैश्विक ऊर्जा स्थिति भारत के लिए संकट बन सकती है। भारत के पास फिलहाल 250 मिलियन बैरल (करीब 4,000 करोड़ लीटर) से अधिक कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद का भंडार है, जो पूरी आपूर्ति श्रृंखला में लगभग 7-8 सप्ताह का बफर प्रदान करता है।नई दिल्ली, 7 मार्च (आईएएनएस)। ये भंडार किसी एक स्थान या एक ही रूप में नहीं रखे गए हैं। इन्हें जमीन के ऊपर बने स्टोरेज टैंकों, भूमिगत रणनीतिक गुफाओं, पाइपलाइन सिस्टम, टर्मिनल टैंकों, समुद्र में ट्रांजिट में मौजूद स्टोरेज जहाजों और तीन समर्पित रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार सुविधाओं मैंगलोर, पडुर और विशाखापटनम में वितरित किया गया है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भारत के पास कच्चा तेल, पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, एलपीजी और एलएनजी का पर्याप्त भंडार है, जिससे अल्पकालिक आपूर्ति व्यवधानों से निपटा जा सकता है। साथ ही, देश कई वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से ऊर्जा की आपूर्ति जारी रखे हुए है। सूत्रों ने कहा, यह दावा कि वैश्विक तेल आपूर्ति रुक गई है या भारत के पास केवल 25 दिन का भंडार है, गलत है और वास्तविक आपूर्ति व स्टॉक स्थिति को नहीं दर्शाता।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# न्यायिक उत्तर ढूंढना आलसी नजरिया

बदले राजनीतिक माहौल में अदालतें न्यायिक सक्रियता दिखाने में खुद को असमर्थ पा रही हैँ, तो समाज का एक हिस्सा इसे दायित्व निर्वहन से मुंह मोड़ना मानेगा। बहरहाल, संदेश यही है कि राजनीतिक प्रश्नों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आलसी नजरिया है।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने स्वीकार किया है कि कथित गौ-रक्षकों की अवैध गतिविधियों और भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में जो 'सामान्य दिशा-निर्देश' जारी किए, उनकी निगरानी कोर्ट के लिए संभव नहीं रह गई है। तब सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश दिए थे। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा था कि नस्ल, जाति, वर्ग या धर्म का बिना ख्याल किए सभी नागरिकों की ऐसे अपराधों से रक्षा करना सरकार का दायित्व है।

बेंच ने ऐसी घटनाओं को रोकने, पीड़ितों से इंसाफ और मुजरिमों को दंडित करने के लिए कई उपाय तय किए। सरकारों से कहा गया कि इन उपायों पर अमल कर वे सुप्रीम कोर्ट में अनुपालना रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, ऐसा नहीं हुआ। उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद उस तरह की घटनाएं जारी रहीं। उनका ही जिक्र करते हुए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई, जिसमें संबंधित अधिकारियों पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की गुजारिश की गई। तभी कोर्ट ने कहा था कि विभिन्न स्थलों और विभिन्न राज्यों में हुई मॉब लिंचिंग एवं हिंसा की 'सूक्ष्म निगरानी' करना उसके लिए संभव नहीं है। यही बात जस्टिस सूर्य कांत दोहराई है। कहा है कि अदालत को ऐसे मामलों में 'सामान्य दिशा-निर्देश' देने के बजाय हर मामले पर अलग सुनवाई करनी चाहिए। इस तरह चीफ जस्टिस ने अदालती दायरे की पुनर्व्याख्या की है। संवैधानिक नजरिए से इसमें खोट नहीं निकाली जा सकती। मगर अतीत में खुद न्यायालयों ने स्वत: संज्ञान के जरिए संवैधानिक भावना की रक्षा की भूमिका अपनाई थी। इसे 'न्यायिक सक्रियता' कहा गया। मगर बदले राजनीतिक माहौल में अदालतें इस भूमिका को अपनाए रखने में खुद को असमर्थ पा रही हैँ, तो नागरिक समाज का एक हिस्सा इसे दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के मुंह मोड़ने के रूप में देखेगा। बहरहाल, उन समूहों के लिए संदेश यही है कि राजनीतिक प्रश्नों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आसान एवं आलसी नजरिया है। वैसे समाधान असल में सार्वजनिक जीवन की धूल-धक्कड़ में उतर कर ही खोजे जा सकेंगे।

# भारत में महिलाओं के प्रति बदलने लगा है नज़रिया

रमेश सर्राफ धमोरा

***अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए मनाया जाता है। यह जागरुकता बढ़ाने, बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देने का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज और राष्ट्र मजबूत होते है। यह समानता और अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है, जो महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रतीक है।***




**(8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष)**

यह एक ऐसा दिन है जो महिलाओं को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम है दान से लाभ है, जो उदारता, सहयोग और सामूहिक प्रगति के मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि महिलाओं का समर्थन करना और लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना सभी के लिए व्यापक सामाजिक और आर्थिक लाभ ला सकता है। इस अभियान का मूल विचार यह है कि जब महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व, उद्यमिता, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में सशक्त होती हैं, तो इससे मजबूत समुदाय और साझा समृद्धि का निर्माण होता है। सहयोग और समान अवसरों को प्रोत्साहित करके, यह अभियान समाज में समावेशी विकास और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना चाहता है।

भारत में महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत में वर्षो से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इन अपराधों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं।जो समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी उदासीनता को दर्शाते हैं। इससे पहले 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278मामले 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं । 2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए।2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# नारी सशक्तिकरण का रोल मॉडल बन रहा है मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बीते वर्षों में नारी सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की गई हैं। बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखते विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नवाचार भी किये गये हैं। साथ ही महिलाओं के समग्र सामाजिक, आर्थिक विकास के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण भी चलाया जा रहा है। इन सभी प्रयासों के सुखद परिणामों से मध्यप्रदेश नारी सशक्तिकरण का रोल मॉडल बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी चार प्रमुख प्राथमिकता वर्गों में महिलाओं को शामिल करते हुए देश की प्रगति को इन वर्गों की प्रगति से जोड़कर महिला कल्याण को प्राथमिकता देने का आव्हान किया है। इस नाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला कल्याण कार्यक्रमों पर फोकस करने की रणनीति तैयार की।

प्रदेश में 453 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत 97,882 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं, जिनके माध्यम से लगभग 84 लाख हितग्राहियों को सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। आंगनवाड़ियों में जियो-फेंसिंग आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। प्रदेश कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की पारदर्शी ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर देश का पहला राज्य बना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के लिए 3,768 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।पोषण 2.0 के अंतर्गत मातृ एवं शिशु पोषण, गंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार और निगरानी के लिए पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से सभी आंगनवाड़ियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रदेश में फेस मैचिंग प्रणाली लागू कर 94 प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें देश में प्रथम स्थान पर है। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के अंतर्गत टेक होम राशन और गर्म पका



भोजन योजना से 60 लाख से अधिक बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को लाभ मिल रहा है। इस बार के बजट में पोषण आहार के लिए 1,150 करोड़ रुपये तथा पोषण अभियान के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। "मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम" के माध्यम से वर्ष 2025 में पंजीकृत 7.37 लाख गंभीर कुपोषित बच्चों में से 3.71 लाख बच्चों को सामान्य पोषण स्तर पर लाया गया। झाबुआ जिले के "मोटी आई" नवाचार को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रदेश में 5,263 नए आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण प्रगति पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में 38,900 आंगनवाड़ी भवनों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना भी प्रस्तावित है। भवन निर्माण, उन्नयन और आधारभूत सुविधाओं के लिए 459 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) में बैगा, भारिया और सहरिया समुदायों के लिए 704 विशेष आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 217 भवनों में से 150 पूर्ण कर देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

"मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना" प्रदेश की सबसे बड़ी डीबीटी योजना बन चुकी है। वर्तमान में 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की सहायता दी जा रही है। जून 2023 से फरवरी 2026 तक 52,305 करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2026-27 में इस योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बनी मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना में अब तक 52.56 लाख बालिकाओं का पंजीयन हुआ है। इस योजना में भी 1,801 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं, जिनमें लाखों नागरिकों की सहभागिता रही।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश लगातार अग्रणी रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके लिए 386 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 57 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं तथा 8 नए केंद्रों की स्वीकृति मिली है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से इस वर्ष 1.43 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। भोपाल और इंदौर में सखी निवास संचालित हैं, जबकि 8 नए वर्किंग वूमन हॉस्टल स्वीकृत किए गए हैं। शक्ति सदन, शौर्या दल योजना और समेकित बाल संरक्षण योजना के माध्यम से हजारों महिलाओं एवं बच्चों को संरक्षण और पुनर्वास सहायता प्रदान की जा रही है।मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से हजारों स्व-सहायता समूहों और महिला उद्यमियों को आर्थिक सहायता एवं ब्याज अनुदान प्रदान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए कुल 32,730 करोड़ 45 हजार रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है, जो प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन धार्मिक आस्था और परोपकार के कार्यों में बीतेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा रहे तथा किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज के दिन नई उर्जा से भरपूर रहेंगे। आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आपको काम को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह सकता है। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता है। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आज घर में माता पिता के सहयोग से आपका मनोबल बढ़ेगा। आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आज कार्यभार अधिक होने के कारण ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। छात्रों को आज पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुये है। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन रहने वाला है। आज आपकी कार्य योजनाओं से लोग जल्द ही सहमत होगें। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी, सभी लोग हंसी खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन घूमने फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वालों की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध हो सकती। आज आप ऑफिस में किसी रुके हुए काम को सहकर्मियों की मदद से समय पर पूर्ण कर लेंगे, इससे आपका आत्मविश्वास और सीनियर्स आपसे प्रभावित होंगे।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। कॉन्ट्रैक्टर्स को अच्छा खासा धनलाभ हो सकता है, यह आपके लिए आने वाले समय में बहुत फायदेमंद रहेगा। इस राशि के चिकित्सा क्षेत्र या डॉक्टर्स के लिए आज दिन काफी लकी साबित होगा उन्हें बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज इष्ट मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। आज संतान पक्ष की सफलता से आपको बहुत सुकून मिलेगा, पारिवारिक वातावरण खुशनुमा हो जायेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आपका धन कहा खर्च हो रहा है इस पर आपको नजर बनाये रखने की जरूरत है नहीं, तो भविष्य में आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

मकर राशि : मकर राशि वालों आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लेकर आया है। आप परिवारवालों के साथ ज्यादा वक्त बिताएंगे। आज आपके लिए फैसला करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है।

कुंभ राशि: आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने उनके घर भी आज जा सकते हैं। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र पढाई को लेकर नयी योजनायें बनायेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। अगर आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।

# कबूतरी संचार की पुरानी व्यवस्था

रजनीश कपूर

ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे।

आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है ङ्क 'कैरियर पिजन सर्विस'। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

'कैरियर पिजन' या 'होमिंग पिजन' का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर-दर-शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में 'पिजन नेटवर्क' स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से 'पिजन पोस्ट' शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में 'कैरियर पिजनों' ने जान भी बचाई, फ्रांस में 'चेर आमी' नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए 'पिजन सर्विस' चली आ रही थी।

लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब-इंस्पेक्टर, एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976-77 के चुनावों और 1982 के 'फ्लैश फलड्स' में जब सड़कें-ब्रिज बह गए और वायरलेस-टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए।

सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूर कटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक 'कैरियर पिजन' उड़ा। ठीक 11ः20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की 'पिजन सर्विस' की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है।

1954 में दिल्ली में अंतरराष्टीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के 'सुपर साइक्लोन' में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ये एक बार में 400-500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। 'बेल्जियन होमर' नस्ल के ये कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं।

2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो 'लॉफ्ट' अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 'बेल्जियन होमर पिजन' और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ये कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की।

आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी (कम्युनिकेशंस) अरुण रे के अनुसार, यह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है। गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, विरासत को बचाओ।यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभाल कर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों-कॉलेजों व अन्य कार्यकर्मों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ़ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले।

## राम रहीम को बड़ी राहत, बहुचर्चित छत्रपति हत्याकांड में हाईकोर्ट ने किया बरी; तीन आरोपियों को उम्रकैद

पंचकूला (आरएनएस)। बहुचर्चित छत्रपति हत्याकांड में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शनिवार सुबह सीबीआई अदालत के फैसले को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए डेरा मुखी को बरी कर दिया। हालांकि, अदालत ने मामले में दोषी ठहराए गए अन्य तीन आरोपियों — कुलदीप, निर्मल और किशन लाल — की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा।



हाई कोर्ट ने यह फैसला आरोपियों द्वारा सीबीआई की विशेष अदालत के निर्णय के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनवाई के बाद सुनाया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और दलीलों का विस्तृत विश्लेषण करते हुए डेरा मुखी के खिलाफ आरोपों को पर्याप्त रूप से साबित न होने के आधार पर उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी किया। वहीं, अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए उनकी दोषसिद्धि और सजा को कायम रखा गया।

मामला पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या से जुड़ा है। छत्रपति ने अपने अखबार में डेरा से जुड़े गंभीर आरोप प्रकाशित किए थे, जिसके बाद 2002 में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में व्यापक प्रतिक्रिया हुई और जांच बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई।

सीबीआई की विशेष अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद डेरा मुखी सहित अन्य आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सभी दोषियों ने इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दायर की थी।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि डेरा मुखी के खिलाफ अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य इतने मजबूत नहीं हैं कि आपराधिक साजिश में उनकी संलिप्तता को संदेह से परे साबित किया जा सके। वहीं, कुलदीप, निर्मल और किशन लाल के विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्य उनकी भूमिका स्पष्ट रूप से स्थापित करते हैं। इसी आधार पर उनकी दोषसिद्धि और उम्रकैद बरकरार रखी गई।

## जिंदगी से जिंदगी ही है निजात, बिग बी ने बयां किया रात के सन्नाटे का सुकुन

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता अमिताभ बच्चन अक्सर अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की लिखी कविताओं को अपने भाव के साथ शब्दों के जरिए ब्लॉग में उतारते रहते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपने बाबूजी से प्रेरित अपने मन के भाव ब्लॉग में उतारे हैं।

अभिनेता अमिताभ बच्चन ने रात के सन्नाटे की सुंदरता को खूबसूरती से बयां किया है। उन्होंने अपने ब्लॉग में मुंबई की रात की खास शांति पर दिलचस्प बात लिखी है। उन्होंने ब्लॉग में लिखा कि मुंबई जैसे व्यस्त शहर में भी रात के समय एक अजीब-सी शांति छा जाती है। दिनभर की भागदौड़ के बाद रात में सड़कें खाली हो जाती हैं और चारों तरफ गहरा सन्नाटा सा छा जाता है। उन्होंने लिखा, मुंबई की यह शांति कई लोगों को डरावनी लगती है लेकिन मेरे लिए इसमें एक अलग तरह की हैरानी और खूबसूरती छिपी हुई है।

उन्होंने देर रात का किस्सा साझा करते हुए लिखा, अभी मैं यह सब लिख ही रहा था कि एक गाड़ी सड़क के गड्ढे से टकराई और वह सन्नाटा टूट गया। रात 1 बजे अक्सर किसी तेज बाइक के एग्जॉस्ट की आवाज सुनाई देती है। शायद कोई व्यक्ति देर रात काम से लौट रहा हो या नई शिफ्ट के लिए जा रहा हो। ये छोटी-छोटी आवाजें रात की खामोशी को और गहरा बनाती हैं।

अमिताभ ने आगे आसमान के रंग की खूबसूरती को अपने शब्दों में बयां किया। उन्होंने लिखा, इन दिनों मुंबई का आसमान पहले से ज्यादा नीला और साफ दिख रहा है। कई दिनों से ऐसा ही चल रहा है। निर्माण कार्यों के दौरान पानी का छिड़काव किया जाता है, जिससे धूल जमीन पर बैठ जाती है और हवा स्वच्छ हो जाती है। बरसात के दिनों में भी प्रदूषण कम हो जाता है क्योंकि बारिश धूल-मिट्टी को धोकर साफ कर देती है। साथ ही, मुंबई समुद्र के किनारे बसा होने से समुद्री हवाएं वातावरण को तरोताजा रखती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रकृति सबसे बेहतरीन दवा है। आखिरकार दवाइयां और रसायन भी तो हमें प्रकृति से ही मिले हैं। जीवन में सब कुछ चलता रहता है। कभी लेना-देना, व्यवस्था, अव्यवस्था, कभी शोर और कभी सन्नाटा। उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए लिखा, जिंदगी से जिंदगी ही है निजात।

# बेगूसराय स्टेशन पर साक्षात दिखा 'यमराज'!

बेगूसराय(आरएनएस)। मौत कब, कहां और कैसे आ जाए, कोई नहीं जानता। बिहार के बेगूसराय रेलवे स्टेशन से एक ऐसा ही रोंगटे खड़े कर देने वाला खौफनाक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसे देखकर किसी के भी होश उड़ जाएंगे। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर चंद सेकंड की जल्दबाजी एक यात्री की जान पर भारी पड़ गई। चलती ट्रेन में दौड़कर चढ़ने की कोशिश में यात्री का पैर फिसल गया और वह सीधे मौत के मुंह यानी ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की जानलेवा खाई में गिरने ही वाला था। लेकिन ऐन वक्त पर वहां मुस्तैद एक रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का जवान साक्षात फरिश्ता बनकर झपटा और महज कुछ सेकंड के फासले से उस यात्री को मौत के जबड़े से खींच लिया। इस दिल दहला देने वाली घटना ने स्टेशन पर मौजूद हर शख्स की सांसें अटका दी थीं।यह पूरा खौफनाक वाकया उस वक्त हुआ जब भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस सुबह ठीक 10 बजकर 31 मिनट पर बेगूसराय स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर आकर रुकी थी। महज तीन मिनट के स्टॉपेज के बाद 10 बजकर 34 मिनट पर ट्रेन ने जैसे ही रफ्तार पकड़ी, तभी प्लेटफॉर्म के एक स्टॉल से




भागलपुर निवासी 44 वर्षीय यात्री अजीत कुमार दौड़ते हुए आए। नवगछिया से समस्तीपुर जा रहे अजीत कुछ सामान खरीदने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे थे। अपनी ट्रेन छूटती देख उन्होंने जान की परवाह किए बिना दौड़कर चलती ट्रेन के डिब्बे का हैंडल पकड़ने की कोशिश की, लेकिन रफ्तार के कारण उनका संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और वह घिसटते हुए प्लेटफॉर्म पर जा गिरे। यात्री को इस तरह मौत के मुंह में जाता देख वहां ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के उप-निरीक्षक संजय कुमार सहनी ने एक पल की भी देरी नहीं की। वह चीते की फुर्ती से दौड़े और अपनी जान पर खेलकर यात्री को ट्रेन के नीचे कटने से बाल-बाल बचा लिया। इस भयानक हादसे में यात्री अजीत कुमार के सिर पर चोटें आई हैं। आरपीएफ कर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत वॉकी-टॉकी से संपर्क कर भागती ट्रेन को रुकवाया और घायल यात्री को सुरक्षित रूप से गार्ड की बोगी में बैठाकर उसकी आगे की मंजिल की ओर रवाना कर दिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना के बाद आरपीएफ पोस्ट कमांडर अरविंद कुमार सिंह ने सभी यात्रियों से सख्त अपील की है कि जिंदगी बेहद अनमोल है, इसलिए चंद मिनटों की देरी से बचने के लिए चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का जानलेवा स्टंट कभी न करें।

# ग्लोबल जीडीपी में भारत को बढ़त, चीन ने कहा- वैश्विक विकास में करीब आधे के हिस्सेदार होंगे दोनों देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को लेकर ग्लोबल रियल जीडीपी ग्रोथ 2026 रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, चीन और भारत मिलकर जीडीपी में अमेरिका को पछाड़ता हुआ नजर आ रहे हैं। आईएमएफ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत और चीन अकेले मिलकर विश्व के 43.6 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का हिस्सा हैं। इसके अलावा, एशिया-पैसिफिक की हिस्सेदारी कुल ग्रोथ का 50 फीसदी पहुंचने की उम्मीद है। वहीं इस रिपोर्ट में अकेले चीन का जीडीपी ग्रोथ 26.6 फीसदी और भारत का 17 फीसदी आंका गया है। आईएमएफ ने अपनी इस ग्लोबल रिपोर्ट में अमेरिका का 9.9 फीसदी, इंडोनेशिया का 3.8 फीसदी, तुर्किए का 2.2 फीसदी, सऊदी अरब का 1.7 फीसदी, वियतनाम का 1.6 फीसदी, नाइजीरिया का 1.5 फीसदी, ब्राजील का 1.5 फीसदी और जर्मनी का 0.9 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। वहीं भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 2026 में, चीन से ग्लोबल रियल जीडीपी ग्रोथ में 26.6 फीसदी योगदान की उम्मीद है, जबकि भारत 17 फीसदी और जोड़ेगा।




हम मिलकर वैश्विक विकास में लगभग 44 फीसदी का योगदान देंगे।

बता दें, चीन ने 2026 के लिए अपने जीडीपी ग्रोथ का टारगेट 4.5 से 5 फीसदी तक रखा है। 1991 के बाद से यह अब तक का सबसे कम आंकड़ा है। वहीं दूसरी ओर भारत इस वक्त दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। हालांकि, चीन और भारत के प्रति व्यक्ति जीडीपी में भारी अंतर है। आंकड़ों के अनुसार, चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में लगभग 4.76 गुना अधिक है। वर्ष 2025 के अनुमानों के मुताबिक, चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी 13,687 डॉलर थी, जबकि भारत के लिए यह आंकड़ा 2,878 डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के 2026 में वैश्विक वास्तविक जीडीपी वृद्धि में 17 प्रतिशत योगदान देने की उम्मीद है, क्योंकि यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है। आईएमएफ की शीर्ष 10 देशों की सूची में अन्य देशों की बात करें तो अमेरिका से वैश्विक जीडीपी वृद्धि में लगभग 9.9 प्रतिशत योगदान का अनुमान है। इसके बाद इंडोनेशिया 3.8 प्रतिशत, तुर्किए 2.2 प्रतिशत, सऊदी अरब 1.7 प्रतिशत और वियतनाम 1.6 प्रतिशत योगदान दे सकते हैं। वहीं नाइजीरिया और ब्राजील दोनों का योगदान लगभग 1.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।इस लिस्ट में जर्मनी 10वें स्थान पर है और उससे वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 0.9 प्रतिशत योगदान का अनुमान है। इसके अलावा यूरोप के अन्य देश आईएमएफ की शीर्ष 10 सूची में शामिल नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की 2025 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट में आईएमएफ ने कहा कि यह संशोधन चालू वित्त वर्ष (जो 31 मार्च 2026 को समाप्त होगा) की चौथी तिमाही में मजबूत आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए किया गया है।



**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल के कोल्लम जिले में शिवगिरी मठ के दौरे के दौरान प्रार्थना करते हुए। कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल भी दिख रहे हैं।**

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, भरा चॉपर में धुआं, बाल-बाल बची जान

लखनऊ , (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की शनिवार को बाल-बाल जान बची। कौशांबी जाते समय अचानक आई खराबी के कारण उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का हेलीकॉप्टर लखनऊ के ला मार्ट ग्राउंड से कौशांबी के लिए उड़ान भर रहा था। तभी अचानक तकनीकी खराबी आई। इसके चलते हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में लखनऊ एयरपोर्ट पर नीचे उतारा गया। सूत्रों ने दावा किया है कि हेलीकॉप्टर में अचानक धुआं भर गया, इसलिए इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हालांकि, हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। सुरक्षा कारणों से हेलीकॉप्टर की पूरी जांच हो रही है। वहीं, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सड़क मार्ग से कौशांबी जाने का निर्णय लिया है।



केशव प्रसाद मौर्य का शनिवार को लगभग साढ़े 11 बजे कौशांबी पहुंचने के कार्यक्रम था। उपमुख्यमंत्री के कार्यालय के अनुसार, कौशांबी के सराया में मां शीतला देवी अतिथि गृह के सरस महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे।इसके बाद वे जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारियों से संवाद करेंगे। वहीं, उपमुख्यमंत्री अपने दौरे के बीच कौशांबी में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

# ईरान संघर्ष से भारत को होगा बड़ा आर्थिक नुकसान : प्रियंका चतुर्वेदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर कहा कि दुनियाभर में भारी नुकसान हो रहा है। भारत का नुकसान इसलिए है, क्योंकि हमारी जो इनर्जी सिक्योरिटी है वो इंपोर्ट होती है। उन्होंने कहा कि ईरान में लगातार संघर्ष जारी है। इससे उपजी आर्थिक चुनौतियों का सामना सभी को करना पड़ेगा, लेकिन भारत में इसका इंपैक्ट ज्यादा होगा। जरूरी है कि संघर्ष पर लगाम लगाने के लिए भारत बोले। एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी के धरना प्रदर्शन को लेकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि ममता बनर्जी की लड़ाई सिर्फ पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। हर चुनावी राज्य में एसआईआर की आड़ में ये लोग मतदाताओं के अधिकारों का हनन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मैं शुरू से कह रही हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्लेबुक बना लिया है। पूरी पीएचडी थीसिस कर ली है कि वोट आप कहीं भी दें, सरकार भाजपा की ही बनेगी। उन्होंने कहा कि चाहे पार्टी तोड़कर हो, विपक्ष को तोड़कर हो, विरोधी दलों की सरकार गिराने का काम हो या अब चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाताओं के मतदान करने का अधिकार हटाने का काम हो।नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार में लोगों ने नीतीश कुमार को वोट किया, लेकिन भाजपा को नहीं सुहाया तो उनको रातोंरात राज्यसभा भेज दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमने देखा। हमारी सरकार



चल रही थी पार्टी तोड़कर सरकार बनाने का काम किया। सत्ता की आग कहीं तो खत्म होनी चाहिए, क्यों यह हमारी प्रजातंत्र और संविधान में आग लगा दे रही है।

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मेरे हिसाब से जो स्पीकर का रवैया रहा है, हमने देखा है कि कैसे विपक्ष को चुप कराने का काम किया जाता है। विपक्ष के नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष बार-बार कहता है कि आप अपने 10 मुद्दे रखिए, दो मुद्दा विपक्ष का होना चाहिए। ये उसको भी दरकिनार करते हैं। इस वक्त तो सारी हदें ही पार हो गई थीं। जहां एलओपी को बोलने नहीं दिया था। एलओपी पर आरोप लगाए गए कि वो किताब से पढ़ रहे थे। मुझे उम्मीद है कि पहले दिन संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश होगा और पहले दिन चर्चा होगी।

## राजस्थान के सीकर में आया भूकंप, पटवारियों को जर्जर मकानों की जांच के निर्देश

सीकर ,(आरएनएस)। राजस्थान के सीकर जिले में शनिवार की सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह 6:32 बजे भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर आ गए। भूकंप के झटके प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी, पलसाना, धींगपुर व आसपास के इलाकों में महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 3.5 दर्ज की गई है। कई जगह लगे सीसीटीवी कैमरों में भूकंप के झटकों की आवाज रिकॉर्ड हुई है। हालांकि भूकंप से किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, 7 मार्च 2026 को सुबह 6 बजकर 32 मिनट 59 सेकंड पर भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र जयपुर से लगभग 69 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में स्थित था। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 5 किलोमीटर नीचे दर्ज हुआ। कम गहराई होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस हुए।स्थानीय लोगों ने बताया कि घरों में हल्की कंपन और खिड़कियों-दरवाजों में हलचल महसूस हुई।

## अदाणी समूह बना यूनेस्को के विश्व इंजीनियरिंग दिवस 2026 का आधिकारिक भागीदार

अहमदाबाद (आरएनएस)। अदाणी समूह को सतत विकास के लिए विश्व इंजीनियरिंग दिवस (डब्ल्यूईडी) 2026 का आधिकारिक भागीदार नामित किया गया है। यह दिवस यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा घोषित एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशंस (डब्ल्यूएफईओ) द्वारा आयोजित किया जाता है। यह पहली बार है, जब विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर इंजीनियरों के प्रयासों को सम्मानित करने के लिए डब्ल्यूएफईओ द्वारा किसी भारतीय संगठन को चुना गया है।भारत की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर कंपनी ने कहा कि यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने में




अदाणी समूह के नेतृत्व और बड़े पैमाने पर स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति करने की उसकी क्षमता का प्रमाण है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों (सतत विकास लक्ष्य 7) में योगदान देता है।अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा, हम यह दिखा रहे हैं कि स्वच्छ ऊर्जा बड़े पैमाने पर होने के साथ-साथ किफायती भी हो सकती है, यह शक्तिशाली होने के साथ-साथ समावेशी भी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है और एक ऐसा मॉडल जहां प्रगति और सततता साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। हमारा खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र भारत की जलवायु कार्रवाई का प्रतीक है।

## टैक्सी चालक ने लड़की से किया दुष्कर्म का प्रयास, बचने के लिए चलती कैब से कूदी, जंगल में काटी रात

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तराखंड के पर्यटन स्थल नैनीताल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दिल्ली से घूमने आई एक युवती के साथ टैक्सी चालक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की, जिसके बाद युवती किसी तरह उसके चंगुल से बचकर जंगल की ओर भाग निकली और पूरी रात डर के साए में छिपकर बिताने को मजबूर हो गई।जानकारी के अनुसार युवती गुरुवार को नैनीताल घूमने आई थी। उसने हल्द्वानी निवासी दीपक बोरा की टैक्सी किराये पर ली थी। पीड़िता के मुताबिक नैनीताल से करीब 12 किलोमीटर पहले आरोपी चालक ने कार को मुख्य



मार्ग से हटाकर पटवाडांगर की ओर जंगल वाले रास्ते में मोड़ दिया। युवती ने इसका विरोध किया तो चालक ने कार की रफ्तार तेज कर दी और कुछ दूरी पर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। पीड़िता ने बताया कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में था और उसने युवती का मोबाइल फोन भी छीन लिया। जब युवती ने विरोध किया तो दोनों के बीच हाथापाई हो गई। इसी दौरान मौका पाकर युवती टैक्सी से उतरकर नंगे पैर ही जंगल की तरफ भाग निकली। आरोपी ने कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया, लेकिन युवती सड़क के नीचे बने एक कलवर्ट में छिप गई और पूरी रात वहीं डरी-सहमी बैठी रही।

## कृति सेनन से बेहतर होने की जंग में यामी गौतम की सफाई, कहा, ऐसे पीआर हथकंडे नहीं अपनाती



सोशल मीडिया में इन दिनों 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड को लेकर बहस तेज हो गई है। अभिनेत्री यामी गौतम और कृति सेनन के प्रशंसकों के बीच यह विवाद छिड़ गया है कि दोनों में से बेहतर अभिनेत्री कौन है। दिलचस्प बात यह है कि यह पूरा विवाद यामी गौतम द्वारा एक सोशल मीडिया पोस्ट को 'लाइक' करने के बाद शुरू हुआ। हालांकि, अब यामी गौतम ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि उनका किसी भी अभिनेत्री को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था। यामी गौतम ने अपने 'लाइक' को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि एक सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और कई बार यह स्पष्ट नहीं होता कि पोस्ट किसके संदर्भ में है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मुझे पता चला है कि मैंने एक ऐसी रील को 'लाइक' किया है, जिसे किसी अन्य कलाकार के प्रति अपमानजनक माना जा रहा है। हमें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और यह भी एक अवॉर्ड समारोह से जुड़ी किसी अन्य टैग की तरह ही दिखाई दिया। ऐसा बिल्कुल भी जानबूझकर नहीं किया गया था। संभव है कि यह गलती से क्लिक हो गया हो। यामी गौतम ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पास कोई पीआर टीम नहीं है और उन्हें ऐसे 'घटिया पीआर हथकंडे' अपनाने नहीं आते।

दरअसल, जिस पोस्ट को यामी गौतम ने 'लाइक' किया था, उसमें एक तरफ कृति सेनन की तस्वीर और दूसरी तरफ यामी गौतम की तस्वीर लगाई गई थी। पोस्ट में कृति सेनन की तुलना में यामी गौतम को 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड के लिए अधिक योग्य बताया गया था। गौरतलब है कि कृति सेनन को फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था। इसी पोस्ट को लाइक किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई और दोनों अभिनेत्रियों के प्रशंसक आपस में भिड़ गए।हालांकि, अब यामी गौतम ने अपने बयान के जरिए साफ कर दिया है कि यह सब अनजाने में हुआ और उनका किसी तरह का विवाद खड़ा करने का कोई इरादा नहीं था।

# द केरल स्टोरी 2 : गोज बियॉन्ड के नए गाने को आदिति भाटिया ने किया प्रमोट, शेयर किया वीडियो

भारतीय टेलीविजन और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री आदिति भाटिया ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड के नए गाने का एक वीडियो शेयर किया है। हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड के एक नए गाने का क्लिप शेयर करते हुए अदिति ने पोस्ट कैप्शन में लिखा, जब प्रेम भक्ति में बदल जाता है, तब राधा केवल एक नाम फुसफुसाती है ङ्क कान्हा। उन्होंने लिखा, कान्हा अब रिलीज हो चुकी है। इसी के साथ अभिनेत्री ने फिल्म को प्रोमोट करते हुए आगे लिखा, अब सहेंगे नहीं, लड़ेंगे। केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में जारी है। वीडियो में एक्ट्रेस गुलाबी रंग के घाघरा-चोली में शानदार डांस करते नजर आ रही है। गाने में आदिती को आप भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में जमकर नृत्य करते देख सकते हैं।

आदिति के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है। पोस्ट पर कुछ ही घंटे में हजारों व्यूज और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, फैंस कमेंट्स के माध्यम से वीडियो और अभिनेत्री पर अपना प्यार लगातार लुटा रहे हैं।

आदिति भाटिया भारतीय हिंदी टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना-माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ लाजवाब एक्टिंग के लिए जानी जाती है। अभिनेत्री ने स्टार प्लस के शो ये है मोहब्बतें से फैंस के दिलों में असल पहचान बनाई, जिसमें उनके किरदार रूही को काफी पसंद किया गया।

एक्ट्रेंस ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी और अब वह द केरल स्टोरी 2 जैसी






फिल्मों में दमदार लीड रोल करते नजर आ रही हैं। इससे पहले अभिनेत्री कई हिंदी टेलीविजन सीरियल और रियलिटी शो में काम कर चुकी हैं और विभिन्न फिल्मों में अलग-अलग किरदार भी निभा चुकी हैं।

भारतीय हिंदी भाषा की ड्रामा फिल्म द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मूवी का निर्देशन कामाख्या नारायण सिंह ने किया है, और विपुल अमृतलाल शाह ने सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले इसका निर्माण किया है।

द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड में आदिति भाटिया के साथ उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा मुख्य किरदार को निभाते नजर आएंगे। मूवी की कहानी मुख्य रूप से तीन ऐसी हिन्दू महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवारों के खिलाफ जाकर मुस्लिम पुरुषों से शादी करती हैं। इसके बाद उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है। फिल्म में अदिति ने दिव्या का किरदार निभाया है।

## आप हमारी यादों में हमेशा जीवित रहेंगी, अभिनेत्री शम्मी को जैकी श्रॉफ ने दी श्रद्धांजलि





हिंदी सिनेमा में करीब पांच दशकों तक अपनी सशक्त अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली मशहूर अभिनेत्री शम्मी की शुक्रवार को पुण्यतिथि है। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जैकी श्रॉफ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री की एक पुरानी तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, आप हमारी यादों में हमेशा जीवित रहेंगी। जैकी श्रॉफ की इस पोस्ट को देखकर प्रशंसक भी भावुक हो गए। कई लोगों ने कमेंट करते हुए लिखा कि शम्मी जी की मुस्कान और उनकी सहज अदाकारी आज भी लोगों के दिलों में बसती है।

शम्मी करीब छह दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहीं। उनका असली नाम नरगिस रबादी था, लेकिन बाद में वे 'शम्मी आंटी' के नाम से बेहद लोकप्रिय हो गईं। उन्होंने फिल्मों में आंटी, नानी और परिवार की बुजुर्ग महिला जैसे अनेक किरदार निभाए, जिनकी बदौलत वे घर-घर में पहचानी जाने लगीं। उनके 'शम्मी' नाम रखने के पीछे भी एक दिलचस्प कहानी बताई जाती है। कहा जाता है कि करियर के शुरुआती दौर में जब नरगिस रबादी काम की तलाश में थीं, तब उन्हें अपनी पहली फिल्म 'उस्ताद पेड्रो' मिली। इस फिल्म के निर्माता शेख मुख्तार ने उन्हें अपना नाम बदलने की सलाह दी थी, क्योंकि उस समय अभिनेत्री नरगिस दत्त इंडस्ट्री का बड़ा नाम थीं।

## अब मैं खुद से पूछती हूं कि मैं सच में कहां की हूं -सेलिना जेटली



अभिनेत्री सेलिना जेटली ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने जीवन के उतार-चढ़ाव, विदेश प्रवास और अपनी पहचान के संघर्ष पर दिल की बात कही। उन्होंने भारत वापसी की जानकारी देते हुए अपने मन के खालीपन और उदासी को व्यक्त किया। सेलिना ने लिखा कि जब कोई व्यक्ति विदेश में उतना लंबा समय व्यतीत कर लेता है, जितना उसने अपने बचपन में माता-पिता के साथ बिताया हो, तो वह अपनी जड़ों और पहचान को लेकर असमंजस में पड़ जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रिया (आल्प्स) के प्राकृतिक सौंदर्य की तुलना अपने बचपन की यादों, यानी कुमाऊं के पहाड़ों और जंगलों से की। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वर्षों विदेश में रहने के बावजूद वहां उन्हें मात्र पीटर की भारतीय पत्नी के रूप में ही पहचाना गया। उन्होंने लिखा, पीटर हाग से मेरी शादी के बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर ऑस्ट्रिया में बसीं, लेकिन समय के साथ घर जैसा एहसास कम होता गया।

अभिनेत्री ने अपनी मां की बात को याद करते हुए लिखा, आप एक ही इंसान को दो बार नहीं पा सकते, यहां तक कि उसी इंसान को भी नहीं। मां के साथ बिताया समय मेरा सबसे प्रिय समय था। अब जब मां-पिता और परिवार के सदस्य नहीं रहे, तो पुराना घर और एहसास वापस नहीं आता। कभी-कभी लोग ठीक होना भी नहीं चाहते, क्योंकि दर्द ही खोई हुई चीज से आखिरी रिश्ता बन जाता है।

एक सैनिक की बेटी होने के कारण उनका बचपन कई जगहों पर बीता। कोई एक स्थायी घर नहीं था, लेकिन माता-पिता ने हर जगह प्यार और खुशियां दीं। अभिनेत्री ने लिखा, अब विदेशी शादी और परिवार की कमी के कारण मुझे लगता है कि मेरा घर अब कहीं नही है। न ही मैं पूरी भारतीय और न ही विदेशी। मैं दो दुनियाओं का अच्छा हिस्सा हूं, लेकिन सच्चाई यह है कि अब कोई भी जगह पूरी तरह घर जैसी नहीं लगती।

सेलिना ने अपने पहाड़ों, जंगलों, बाघों और बचपन की यादों को घर का हिस्सा बताया। वे कहती हैं कि भारत लौटने पर उम्मीद थी कि पुराना अपनापन मिलेगा, लेकिन सब कुछ बदल चुका है।

## रश्मिका-विजय के रिसेप्शन में पहुंचीं नीना गुप्ता, फोटो शेयर कर दी शुभकामनाएं

**सोशल मीडिया पर इस समय पावर कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के हैदराबाद में हुए रिसेप्शन की खूबसूरत तस्वीरें छाई हुई हैं, जिसमें साउथ से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक्टर, एक्ट्रेस, डायरेक्टर, और नामी चेहरे ने स्टाइलिश अंदाज में सिरकत की। बीते बुधवार को रश्मिका और विजय के रिसेप्शन में पहुंचे सेलेब्रिटीज में एक नाम नीना गुप्ता का भी है, जो हिंदी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री की एक शानदार अभिनेत्री, निर्देशक और निर्माता हैं। कपल के रिसेप्शन में अभिनेत्री अपने पति विवेक मिश्रा के साथ पहुंचीं।**

अभिनेत्री के बीते दिन की एक खूबसूरत तस्वीर को गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट को शेयर



करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आप दोनों और आपके परिवारों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। आप सब बहुत ही मिलनसार, सम्मानजनक और प्यारे थे। भगवान आप दोनों को आशीर्वाद दें। नीना और विवेक की ओर से आपको दोनों को ढेर सारा प्यार।

रश्मिका और विजय के साथ नीना और उनके पति की खूबसूरत तस्वीर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। पोस्ट पर कुछ ही घंटे में हजारों व्यूज और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, नीना के रिसेप्शन लुक की बात करें तो उन्होंने सफेद रंग की एक एलेगेंट सारी पहनी है, जिसपर गोल्डन प्रिंट हैं।

कट स्लीव ब्लाउज में अभिनेत्री का लुक काफी शानदार लग रहा है। खुले बाल, लाइट मेकअप और गोल्डन ज्वैलरी से नीना के लुक की एलेगेंस काफी बढ़ जाती है। इसी के साथ अभिनेत्री ने हाथ में एक लाल रंग का बैग रखा हुआ है। वहीं, उनके पति विजय काले रंग के कोट और ब्राउन पैंट में उनको काफी कंप्लीमेंट कर रहे हैं।

रश्मिका और विजय के रिसेप्शन लुक की बात करें, तो अभिनेत्री ने प्लेन लाल रंग की साड़ी पहनी है, जिसका बॉर्डर भारी है। स्लीक बन, नेचुरल मेकअप, और गोल्डन ज्वेलरी के साथ उन्होंने अपनी रिसेप्शन लुक को पूरा किया है। वहीं, विजय पूरी तरह साउथ इंडियन लुक में नजर आ रहे हैं।

# हाई बीपी और शुगर मरीजों के लिए सुबह की सैर है संजीवनी

आधुनिक विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही सुबह की सैर को संजीवनी की तरह मानते हैं। आज के समय में लगभग हर घर में हाई ब्लड प्रेशर या शुगर से जूझ रहे मरीज मिल जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, नियमित सैर न केवल इन बीमारियों को नियंत्रित रखने में सहायक होती है, बल्कि कई मामलों में यह दवा की तरह असर दिखाती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सुबह के समय शरीर विशेष बायोकेमिकल प्रक्रियाओं से गुजरता है। इसी दौरान जब शरीर को ताजी ठंडी हवा मिलती है, तो प्राकृतिक रूप से इंसुलिन का निर्माण बढ़ जाता है। शुगर के मरीज जब तेज कदमों से चलते हैं, तो उनकी मांसपेशियां रक्त में मौजूद ग्लूकोज को खींचकर ऊर्जा में बदल देती हैं। यह क्रिया शरीर में दवा की तरह काम करती है और रक्त संचार को भी तेज करती है।

वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार सुबह की सैर धमनियों में रक्त प्रवाह बढ़ाती है और शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड के स्तर को बढ़ाने में मदद करती है। नाइट्रिक ऑक्साइड धमनियों को रिलैक्स करता है, जिससे हाई बीपी के मरीजों में धमनियों पर पड़ने वाला दबाव कम होता है और रक्तचाप नियंत्रित रहता है। इसी कारण हाई बीपी से जूझ रहे लोगों के लिए सुबह की सैर एक आसान और प्रभावी उपाय माना जाता है। कई शोध यह भी बताते हैं कि लगातार तीन महीनों तक रोजाना 30 मिनट की सैर करने से शुगर लेवल में उल्लेखनीय कमी देखी जा सकती है। सैर दिल को भी मजबूत बनाती है और शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाती है। गुड कोलेस्ट्रॉल हृदय रोगों और उच्च रक्तचाप दोनों के लिए फायदेमंद होता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक सुबह की सैर का असली लाभ तभी मिलता है,



जब इसे ब्रह्म मुहूर्त में किया जाए। उस समय वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है और प्रदूषण का स्तर सबसे कम रहता है, जिससे शरीर को अधिकतम लाभ मिलता है। हालांकि सैर का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

सैर करते समय कदम लंबे और गति तेज होनी चाहिए, लेकिन इतना भी नहीं कि व्यक्ति हांफने लगे। तेज चलने से रक्त शरीर के हर हिस्से तक बेहतर तरीके से पहुंचता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि रोजाना कम से कम एक घंटे की सैर करनी चाहिए। नए लोग शुरुआत में आधे घंटे से शुरू कर सकते हैं और धीरे-धीरे समय तथा गति दोनों में बढ़ोतरी कर सकते हैं। यह न केवल ऊर्जा बढ़ाती है बल्कि समग्र स्वास्थ्य को भी मजबूती देती है।

# चक्की चालनासन योग मुद्रा बदल सकती है आपकी सेहत

नई दिल्ली । हैल्थ विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन कुछ सरल योग मुद्राओं का अभ्यास शरीर को मजबूत बनाने और मन को शांत रखने में बेहद प्रभावी साबित होता है। इन्हीं में से एक बेहद उपयोगी आसन है चक्की चालनासन, जिसे मिल चर्निंग पोज भी कहा जाता है। मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा (एमडीएनआईवाई) के विशेषज्ञ बताते हैं कि यह आसन पारंपरिक चक्की चलाने की क्रिया की नकल करता है और शरीर के कई हिस्सों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। नियमित अभ्यास से यह न केवल शारीरिक विकास में मदद करता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। खास बात यह है कि इसे कोई भी व्यक्ति आसानी से कर सकता है। इस आसन की प्रक्रिया बहुत सरल है। सबसे पहले सीधे पैर फैलाकर दंडासन में बैठें। दोनों पैरों को थोड़ा खोलकर उनके बीच जगह बनाएं। इसके बाद दोनों हाथों को आगे की ओर फैलाकर उंगलियों को इंटरलॉक करें। पीठ को सीधा रखते हुए ऊपरी शरीर को दाएं से बाएं और फिर बाएं से दाएं गोलाकार गति में घुमाएं, जैसे चक्की चल रही हो। सामान्य श्वास लेते हुए 10 ?20 चक्कर एक दिशा में और फिर उतने ही चक्कर विपरीत दिशा में करें। शुरुआत एक से दो मिनट से करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। नियमित अभ्यास से चक्की चालनासन कई तरह के लाभ प्रदान करता है। यह पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है, पेट और कमर की मांसपेशियों को टोन करता है और पाचन तंत्र को सक्रिय बनाता है। गैस, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। पीठ और कमर को मजबूत बनाने के कारण साइटिका के दर्द में भी आराम मिलता है। यह आसन पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे ऊर्जा स्तर बढ़ता है और तनाव कम होता है। महिलाओं के लिए यह आसन विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह गर्भाशय की



मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, पीरियड्स को नियमित करता है और दर्द कम करता है। पीसीओडी/पीसीओएस जैसी समस्याओं में भी यह सहायक पाया गया है। प्रसव के बाद अतिरिक्त वजन कम करने में भी इसका अभ्यास मददगार है। हालांकि, विशेषज्ञ सावधान करते हैं कि यह आसन कुछ परिस्थितियों में नहीं करना चाहिए। गर्भावस्था में इसे करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। यदि किसी को गंभीर पीठ दर्द, स्लिप डिस्क, स्पाइनल समस्या या हाल ही में सर्जरी हुई हो, तो यह आसन करने से बचें। अभ्यास के दौरान यदि पैरों या पीठ में तेज दर्द हो तो तुरंत रोक दें। शुरुआत हमेशा धीरे-धीरे करें और शरीर पर अनावश्यक जोर न डालें। 026





# महिला सुरक्षा में सजग मध्यप्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगी क्वींस ऑन द व्हील्स की बहनें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 25 साहसी महिला बाइक राइडर्स प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से होते हुए 1400 किलोमीटर का करेंगी टूर

भोपाल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्वींस ऑन द व्हील्स 3.0 महिला बाइकिंग टूर मात्र बाइक रैली नहीं बल्कि नारी सशक्तिकरण, साहस और पर्यटन के माध्यम से मध्यप्रदेश की पहचान को दुनिया तक पहुंचाने का एक अनूठा अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आई बहनों का देश के दिल मध्यप्रदेश में स्वागत करते हुए कहा कि हमारा प्रदेश अजब और गजब होने के साथ महिलाओं की सुरक्षा के लिए सजग भी है। बहनों की यह यात्रा प्रदेश के पर्यटन के साथ महिला सुरक्षा की एक मिसाल है, यह बदलते समाज की तस्वीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश भी सुरक्षित है और मध्यप्रदेश भी, महिला दिवस और रंगपंचमी से पहले प्रारंभ हुए क्वींस ऑन द व्हील्स कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाइकिंग टूर में देशभर से आईं बाइक राइडर बहनें म.प्र. पर्यटन के रंग बिखेरेंगी। यह टूर प्रदेश के समृद्ध व ऐतिहासिक पर्यटन गंतव्यों को देश-दुनिया में प्रचारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। यह यात्रा मध्यप्रदेश की बेटियों के लिए अद्वितीय, साहसपूर्ण और फलदायी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को क्वीन्स ऑन द व्हील्स की 25 महिला सुपर बाइकर्स को इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं और हर संभव सहयोग का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री निवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाइकर्स और पर्यटन सखी के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सुरक्षा की गारंटी के रूप में यह टूर प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों की 25 साहसी महिला बाइक राइडर्स



शामिल हैं। यह यात्रा 7 से 13 मार्च तक चलेगी, जिसमें हमारी बहनें 1400 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। बाइकिंग टूर पर निकली बहनें प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल- सांची, उदयगिरी, चंदेरी, खजुराहो, कूनो नेशनल पार्क, ग्वालियर, मितावली, ओरछा और खजुराहो से होकर गुजरेंगी। यात्रा का समापन 13 मार्च को भोपाल में होगा। निमाड़ की सादगी, मालवा की जीवंतता, बुंदेलखंड की शौर्यगाथा, बघेलखंड की लोक कलाएं, चंबल का गौरवशाली इतिहास और महाकौशल की सुंदरता हमारे प्रदेश की विशेषता है। प्रदेश में स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण, सुरक्षित एवं धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टूर में शामिल महिला राइडर्स को राइड के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा महिला राइडर्स के दल के ठहरने सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का समन्वय किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशभर से आईं महिला बाइकर्स से संवाद किया। मुंबई से 62 वर्षीय नीता खांडेकर ने बताया कि 7 साल पहले बाइक चलाने की चाहत को स्वयं हिम्मत दी और फिर 75 दिन में 21 हजार कि.मी. का यादगार सफर तय किया। पश्चिम बंगाल की ट्रीना 4 दिन में बाइक से ओडिसा, झारखंड और बिहार होते हुए मध्यप्रदेश आईं। वो कहती हैं मध्यप्रदेश में सबसे ज़्यादा सुरक्षित महसूस किया। यहाँ की रोड और नेचर की मैं फैन हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन सखी से भी मुलाकात की। महिला बाइकिंग टूर का नेतृत्व मुंबई की 62 वर्षीय डॉ. नीता कर रही हैं। इस ग्रुप में भोपाल की सारा खान, राजनंदिनी, दिव्या रमन, मयूरी सोनी, दिशा राकेशीय, उन्नति चौरसिया, सेजल कुशवाहा, महक बाथम, ग्वालियर की शबनम बानो शामिल हैं। इनके साथ मुंबई की हेतल उपाध्याय, माधुरी नायक, मधु हेलचल, तनु प्रिया, रिद्धि, बेंगलुरु की सोना प्रियदर्शनी, कोलकाता की सायंती घोष, पुणे की कल्याणी पोटेकर, नागपुर की डॉ. प्रियंका रुक्मणी, रुचिका मेघे, एकता खेते, मैथिली सिंह, पल्लवी देशमुख, नोएडा की डॉ. सुमित और संभाजी नगर (महाराष्ट्र) की कविता जाधव शामिल हैं।

## मॉ की साड़ी का फंदा बनाकर युवक ने की आत्महत्या

**सुसाइड नोट में मुस्लिम प्रेमिका को बताया जिम्मेदार**

**- लगाये प्रेम-प्रसंग के बाद धोखा देने और रेप के मामले में फंसाने की धमकी देने के आरोप**

भोपाल(ए.)। शहर के अशोका गार्डन थाना इलाके में स्थित सेठी नगर में रहने वाले युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस को घटना स्थल



से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें मृतक युवक ने आत्महत्या के लिये अपनी मुस्लिम प्रेमिका को जिम्मेदार बताया है। साथ ही नोट में उसने यह भी लिखा है की उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा दिया और बाद में उसे रेप केस में फंसाने की धमकी देते हुए के लिए उकसाने की बात कहती थी। घटना में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सेठी नगर गली नंबर एक में रहने वाला दीपक गुर्जर (24) पुत्र मोर सिंह गुर्जर अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उससे बड़ी एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। दीपक फेब्रिकेशन का काम करता था। शनिवार सुबह सुबह दीपक की मां जागने के बाद जब कमरे से बाहर आई तो उन्हें बेटे दीपक का शव जीने की रेलिंग पर साड़ी के बने फंदे पर लटका नजर आया। मॉ ने शोर मचाकर अपने पति सहित आस-पास के लोगों को बुलाया उनकी चीखे सुनकर पहुचें पिता और पड़ोसियों ने शव को फंदे से उतारा। इसके बाद आसपास के लोगो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थिल की जॉच के बाद पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जॉच टीम को घटना स्थल पर ही एक सुसाइड नोट मिला है, बताया गया है की शव की तलाशी में दीपक की पेंट की जेब में एक पर्स मिला, जिसमें डायरी के पेज पर लिखा सुसाइड नोट मिला। इस नोट में उसने खुदकुशी के लिए अशोका गार्डन में ही रहने वाली प्रेमिका को जिम्मेदार बताया है।

## रसोई गैस के दाम बढ़े, घरेलू सिलेंडर 60 रुपए महंगा, कीमत में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



भोपाल(ए.)। घरेलू रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी हुई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की वृद्धि की गई है। गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने के विरोध में भोपाल में कांग्रेस सड़क पर उतर आई।

भोपाल जिला कांग्रेस ने शनिवार को रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने 'महंगाई का इंजेक्शन' लिखे पोस्टर और गैस सिलेंडर के कट-आउट लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि घर का बजट रसोई से शुरू होता है और गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने परिवारों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर डाला है। उन्होंने सरकार से जल्द कीमतें कम करने की मांग की। भोपाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि वर्ष 2014 में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 400 रुपए थी, जो अब बढ़कर 900 रुपए से अधिक हो गई है। उनका आरोप है कि महंगाई हर क्षेत्र में बढ़ रही है और इसका सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर के दाम कम नहीं किए गए तो कांग्रेस आने वाले समय में बड़ा आंदोलन करेगी।

**जीतू पटवारी ने सरकार पर साधा निशाना**

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर सस्ता ईंधन उपलब्ध कराने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं।

बता दें कि इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को भी घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सरकार ने सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की कटौती की थी।

मध्य प्रदेश के प्रमुख शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम इस प्रकार हैं—

भोपाल: 918 रुपए
इंदौर: 941 रुपए
ग्वालियर: 996 रुपए
जबलपुर: 919 रुपए
उज्जैन: 972 रुपए

## भोपाल में जलसा-ए-शहादत में लगे अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे, पैरों से कुचले ट्रंप के पोस्टर

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की याद में आयोजित जलसा-ए-शहादत कार्यक्रम में इजराइल मुर्दाबाद और अमेरिका मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगाए गए। इस दौरान कुछ लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पोस्टर जमीन पर रखकर पैरों तले कुचल दिए।दरअसल, भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र की बिस्मिल्लाह कॉलोनी स्थित गरीब नवाज मस्जिद में शुक्रवार की रात जलसा-ए-शहादत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## लाड़ली बहना योजना ने बदली मंजू यादव की जिंदगी, सिलाई सेंटर खोलकर बनीं आत्मनिर्भर

**योजना से मिली सहायता से शुरू किया सिलाई का काम**

**सिलाई केन्द्र में अन्य महिलाओं को भी दे रहीं रोजगार**



भोपाल (निप्र)। कभी सीमित आय और जिम्मेदारियों के बीच अपने परिवार का सहारा बनने का सपना देखने वाली नर्मदापुरम की श्रीमती मंजू यादव आज आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से मिली आर्थिक सहायता ने न केवल उनके जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाई, बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी दिया।नर्मदापुरम जिले के वार्ड क्रमांक 31 दीवान चौक ग्वालटोली निवासी 30 वर्षीय श्रीमती मंजू यादव को जून 2023 से योजना के अंतर्गत नियमित आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। इस राशि का उन्होंने सोच-समझकर उपयोग किया और अपने घर से सिलाई का छोटा-सा काम शुरू किया। मेहनत और लगन से शुरू किया गया यह प्रयास धीरे-धीरे एक सफल व्यवसाय में बदलने लगा।फरवरी 2026 तक उन्हें योजना की 33वीं किश्त सहित कुल 43 हजार 500 रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है। इस आर्थिक सहयोग और सिलाई कार्य से हुए मुनाफे का सदुपयोग करते हुए उन्होंने अपने काम का विस्तार किया और एक सिलाई सेंटर शुरू कर दिया, जिसमें अब पांच सिलाई मशीनें संचालित हो रही हैं।आज मंजू यादव न केवल स्वयं नियमित आय अर्जित कर रही हैं, बल्कि अपने सिलाई सेंटर के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी रोजगार का अवसर प्रदान कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और आत्मनिर्भरता की नई राह खुली है।श्रीमती मंजू यादव भावुक होकर कहती हैं कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने उनके जीवन में नया विश्वास जगाया है। इस योजना ने उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर दिया और आज वे गर्व के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों में योगदान दे रही हैं।

**सफलता की कहानी**

## अमरुद की खेती से बदली तस्वीर : किसान अभिषेक दांगी बने सफलता की मिसाल



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में कृषि के साथ उद्यानिकी क्षेत्र भी किसानों की आय बढ़ाने का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। केन्द्र सरकार की एक जिला - एक उत्पाद (ODOP) योजना के तहत भोपाल जिले को अमरूद उत्पादन के लिए चयनित किया गया है।उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता के पौधे, ड्रिप सिंचाई और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन प्रयासों से जिले में अमरूद की खेती तेजी से बढ़ रही है और किसान बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं।इसी कड़ी में भोपाल जिले के बरखेड़ा बरामद गांव के प्रगतिशील किसान अभिषेक दांगी ने अमरूद की खेती में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपनी साढ़े चार एकड़ भूमि में बीएनआर किस्म के 1660 अमरूद के पौधे लगाए थे। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के तहत उन्हें ड्रिप सिंचाई, तकनीकी मार्गदर्शन और अन्य सुविधाओं का लाभ मिला। आज इन पौधों से उन्हें लगभग 6400 किलोग्राम अमरूद का उत्पादन प्राप्त हो रहा है। श्री दांगी बताते हैं कि अमरूद की खेती से उन्हें एक सीजन में लगभग 10 लाख रुपये की आय हुई है।

भोपाल के साथ अन्य राज्यों में भी उनके अमरूद की अच्छी मांग है। सहायक संचालक उद्यानिकी राजकुमार सगर के अनुसार जिले में अमरूद की खेती का रकबा और उत्पादन पिछले पांच वर्षों में लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ा है। भोपाल जिले की करीब 50 ग्राम पंचायतें अमरूद उत्पादन के नए क्लस्टर के रूप में विकसित हो चुकी हैं। किसानों को पौधारोपण, ड्रिप सिंचाई, ऋण और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे आधुनिक तरीके से खेती कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। अमरूद की खेती से मनमोहन पाटीदार, अरुण दांगी और अभिषेक दांगी जैसे किसान न केवल अपनी आय बढ़ा रहे हैं, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं।

## मंत्री श्री सारंग ने नरेला क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश

**शासकीय भूमि से अवैध कब्जे, मदरसे, फैक्ट्री और मांस की दुकानें हटाने के निर्देश**

भोपाल (ए.)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा के वार्ड क्रमांक 69, 70 और 71 का दौरा कर शासकीय भूमि से अवैध कब्जे, मदरसे, फैक्ट्री और मांस की दुकानें हटाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर मंत्री श्री सारंग स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नगर निगम, राजस्व, पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध अतिक्रमण पर बने स्थानों को पेयजल, विद्युत सहित किसी भी प्रकार के शासकीय कनेक्शन नहीं दिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि ऐसे स्थानों को पहले से कनेक्शन दिए गए हैं तो उन्हें तत्काल हटाया जाए तथा यह जांच की जाए कि किन अधिकारियों की अनुमति से यह कनेक्शन दिए गए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## हैवान बना 41 साल का अधेड़, पड़ोस में रहने वाली 8 साल की मासूम से किया रेप

**- टॉफी का लालच देकर मासूम को बुलाया - लोगो ने रंगे हाथ पकड़ा, धुनाई कर पुलिस को सौंपा**



भोपाल(ए.)। शहर के देहात इलाके में स्थित ईंटखेड़ी थाना इलाके में मानवता को शर्मसार किये जाने की घटना सामने आई है। यहॉ रहने वाले 41 साल के अधेड़ ने पड़ोस में रहने वाली आठ साल की मासूम को टॉफी दिलाने का लालच देकर उसे बुलाया और अपनी हवस का शिकार बना डाला। अधेड़ की जर्बदस्ती के दौरान मासूम रोने लगी, उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुचें और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ कर पहले तो उसकी जमकर पिटाई लगाई इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईंटखेड़ी थाना इलाके के एक गांव में रहने वाली 8 साल की मासूम किशोरी स्कूली छात्रा है। शुक्रवार दोपहर वह अपने घर के बाहर खेल रही थी। उसी समय पड़ोस में रहने वाला 41 साल का धर्मेंद्र वहॉ पहुचां और उसने मासूम को दुकान से टॉफी दिलाने का लालच दिया। पास में रहने के कारण मासूम उसे पहचानती थी, परिचित होने के कारण वह उसकी बातों में आ गई। इसके बाद आरोपी उसे दुकान ले जाने के बजाए अपने घर पर ले गया। वहॉ धर्मेंद्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी की ज्यादती के बीच मासूम की चीखे सुनकर आसपास के लोग अनहोनी की आंशका के चलते वहॉ पहुचें और अधेड़ को उसके घर में घुसकर पकड़ लिया। उसकी करतूत देख लोग आक्रोशित हो गए और आरोपी की जमकर धुनाई कर डाली। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मासूम का मेडिकल कराया। जहां उसके साथ रेप की पुष्टि होने पर आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस मामले में आगे की जॉच कर रही है।

## ग्रामीण विकास पर सवाल, बजट का 41% ही खर्च, सरकार सिर्फ सुर्खियों में व्यस्त- जीतू पटवारी

भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर ग्रामीण विकास योजनाओं की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विभागों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जबकि सरकार केवल सुर्खियाँ बटोरने में व्यस्त है।जीतू पटवारी शनिवार को अपने बयान में कहा कि सरकार बजट प्रबंधन और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बेहद लापरवाह साबित हो रही है। केंद्र और राज्य के सहयोग से संचालित कई योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट आवंटित होने के बावजूद उसका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीण विकास की योजनाएँ जमीनी स्तर पर प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण विकास विभाग को 27,745.18 करोड़ रूपये का बजट दिया गया था, लेकिन 7 मार्च 2026 तक इसमें से केवल 11,457.66 करोड़ रूपये ही खर्च किए गए हैं, जो कुल बजट का करीब 41.30 प्रतिशत है।

## रास्ता छोड़ने का कहने पर बदमाशो ने किया युवक की हत्या का प्रयास

**घायल पर किये चाकू से ताबड़तोड़ वार, पुलिस ने 24 घंटो में सभी को दबोचा**

भोपाल(ए.)। शहर की थाना हबीबगंज पुलिस ने मामूली विवाद में युवक की हत्या के प्रयास किये जाने के मामले में अज्ञात आरोपियो की पहचान जुटाते हुए उन्हें 24 घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी सूरज सिंह राजपूत पिता रामपाल सिंह राजपूत (27) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बतायसा की 4 मार्च की शाम करीब 6.30 बजे वह अपने दोस्त सुमित मण्डलोई, रोहित चौहान उर्फ अमन के साथ 11 नम्बर से 10 नम्बर स्टाप पर फालूदा पीने के लिए जा रहा था। रास्ते में मकान नंबर ए-31 ई-6 अरेरा कालोनी के सामने मेन रोड पर सामने से कुछ युवक पूरी रोड घेरकर सामने से उनकी और आ रहे थे। यह देख उसके दोस्त रोहित चौहान ने उनसे कहा की रास्ता छोड के चलो। उसकी बात पर दो युवको ने विवाद करते हुए अपने पास रखी छुरी निकालकर रोहित



चौहान उर्फ अमन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियो ने उसके सीने, कान पर वार किये उसी समय उसके साथी दूसरे आरोपी लडके ने रोहित के गले पर बॉंई और छुरी से घातक हमला किया। यह देख उसने फौरन ही रोहित का हाथ पकडकर खींचा जिससे छुरी का वार रोहित के कंधे पर लगा और रोहित को गंभीर चोंट आयी। हथियारो के घातक वारो से रोहित के शरीर से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूरज और सुमित मण्डलोई रोहित को उठाने लगे तभी पास खडे आरोपियो के अन्य साथी भी वहॉ आये और उन सभी के साथ मारपीट करने लगे। हंगामा होता देख आसपास के लोग उस और आने लगे जिन्हें देख आरोपी मौके से फरार हो गये। बाद में सूरज और सुमित फौरन ही रोहित को इलाज के लिये जेपी अस्पताल लेकर पहुँचे जहां रोहित की हालत को देखते हुए उसे हमीदिया रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला कायम कर उनकी तलाश शुरु की।

## मप्र बोर्ड ने पलटा बेस्ट ऑफ फाइव का फैसला

**- अगले साल से 10वीं में 7 और 12वीं में देने होंगे 6 पेपर**

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले लाखों विद्यार्थियों के लिए बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। पिछले नौ वर्षों से लागू 'बेस्ट ऑफ फाइव' सिस्टम को समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। नए प्रस्ताव के अनुसार कक्षा 10वीं के छात्रों को अब 6 के बजाय 7 विषय और 12वीं के छात्रों को 5 की जगह 6 विषयों की परीक्षा देनी होगी। इस बदलाव का उद्देश्य केवल रिजल्ट प्रतिशत बढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की विषयगत समझ और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत करना बताया जा रहा है। बोर्ड का मानना है कि 'बेस्ट ऑफ फाइव' प्रणाली के कारण कई छात्र अनिवार्य विषयों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे थे। इससे वे परीक्षा तो पास कर लेते थे, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में आवश्यक बुनियादी ज्ञान की कमी महसूस की जा रही थी। इसी कारण शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए यह प्रस्ताव तैयार किया गया है।

++++अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी पर विशेष++++

# बुढ़ापे में दिव्यांगों बच्चों को अपने अनुभवों से लाभावित करा रहीं हैं समाजसेविका श्रीमती आरती दत्ता



**रश्मि गौड़**

नर्मदापुरम। यदि जज्वा हो तो बुढ़ापे में अपने जीवन के अनुभवों से दूसरों को लाभांवित किया जा सकता है। यह बात नर्मदांचल की वयोवृद्ध समाजसेविका लगभग 80 वर्षीय श्रीमती आरती दत्ता के जोश जुनून को देखकर परिलक्षित होती है। अपनी संस्था ऐनिबेसेंट में दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भरता के गुर सिखाने की सकारात्मक पहल इनके द्वारा अनेक वर्षों से की जा रही है। प्राकृतिक रंग तथा गोबर से बने हुए आधुनिक गिफ्ट तैयार कर उनको बाजार में विक्रय कर उनसे होने वाली आय से इन दिव्यांगों को लाभांवित किया हैं। इतना ही नहीं मंदिरों में पूजा में चढ़े हुए फूलों को एकत्रित कर तथा पलाश के फूलों से दिव्यांग बच्चों के साथ स्वयं बैठकर प्राकृतिक रंग बनाना सिखाया है। दिव्यांगों को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाने के



साथ उनके उज्जवल भविष्य के लिए अनेक तरह से प्रेरणा देने का कार्य किया है। दिव्यांग बच्चों के साथ बनाए गए रंग की मांग दिल्ली तक में होती रही है। इतना नहीं उन्होंने फूलों को सुखाकर अगरबत्ती निर्माण भी किया है।

स्वंतत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रतीश चंद्र दत्ता की धर्मपत्नी समाजसेविका आरती दत्ता ने घर में बैठने की बजाए एक संस्था एनीबीसेंट के माध्यम से मानसिक निऱ्शक्त विशेष विद्यालय के समर्थ परिसर में आवासीय रूप से रहने वाले बच्चे और युवाओं को शिक्षा के साथ अनेक तरह के कार्यों से जोड़ रखा है। इतना ही नहीं गोबर से बहुत आकर्षक गिफ्ट आयटम भी तैयार किए हैं।

### पेंशन की आय को दिव्यांगों पर किया खर्च

श्री मती दत्ता को जो पेंशन मिलती है उससे उन्होंने कई वर्ष तक दिव्यांगों पर खर्च किए हैं। उन्होने बताया कि उनकी संस्था एनीबीसेंट मानसिक निऱ्शक्त विशेष विद्यालय के समर्थ परिसर में आवासीय रूप से रहे बच्चे और युवाओं के द्वारा अनेक सृजनात्मक कार्य किए जाते हैं। इन बच्चों को ऐसे कार्य करने में रूचि रहती है।

वहीं इनके द्वारा बनाए गए रंग अनेक लोग अनेक संस्थाएं तथा समाजसेवी लोग लेकर जाते रहे हैं जो लोग जितनी भी राशि देते हैं उससे संस्था को जो आय होती है वह दिव्यांग बच्चों पर ही खर्च की जाती है। इन बच्चों के द्वारा फूलों की पंखुडियों को निकालकर उसे सुखाया जाता है। उसके बाद उससे रंग तैयार किया जाता है। वहीं फूलों के पिछले हिस्से को अलग कर उसका पावडर बना कर अगरबत्ती बनाई जाती है। उन्होने बताया कि इस तरह के रंग बनाने की जानकारी दिल्ली के कुछ लोगों को मालुम होने पर उनके द्वारा रंग बुलवाए गए थे। इस तरह श्रीमती दत्ता अनेक लोगों के लिए प्रेरणादायी हैं।

## अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में नरवाई प्रबंधन पर समीक्षा बैठक



नर्मदापुरम(ए.)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में एसडीएम कार्यालय नर्मदापुरम में नरवाई प्रबंधन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम जय सोलंकी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नर्मदापुरम अनुभाग के समस्त तहसीलदार, कृषि विभाग से एस.डी.ओ. एवं आर.ए.ई.ओ., जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), ए.डी.ओ., पी.सी.ओ. सहित कृषि विभाग एवं जनपद पंचायत के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री सोलंकी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए तथा फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए।

# चौकीगवां की ग्राम सभा में पहुचे सांसद, ग्रामीणों को व्हीबी जीरामजी की दी जानकारी

### गांव की एकता और निर्विरोध सरपंच चयन लोकतंत्र की मजबूत परंपरा : सांसद चौधरी




नर्मदापुरम(निप्र)। सिवनी मालवा।सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौकीगवां में आयोजित व्हीबी जीरामजी कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा में सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए जीरामजी कार्यक्रम के सकारात्मक पक्षों से ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ग्राम के विकास और व्यवस्थाओं से जुड़े निर्णयों को सामूहिक सहमति से लिया जाना तथा निर्विरोध सरपंच का चयन गांव की एकता और सुदृढ़ लोकतांत्रिक परंपरा का प्रेरणादायक उदाहरण है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्रीमोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ ही केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से गांवों के विकास को नई गति मिल रही है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव आज देश के गांवों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

सांसद ने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वर्ष में एक दिन ऐसा निर्धारित किया जाए जब गांव से बाहर रहने वाले सभी लोग अपने गांव अवश्य आएं और पूरे गांव के साथ उस दिन को उत्सव के रूप में मनाएं। इससे गांव में एकता, आपसी सहयोग और अपनत्व की भावना और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रेमशंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा योगेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डोलरिया में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र का सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया औचक निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। सिवनी मालवा अंतर्गत डोलरिया में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कुछ अनियमितताएँ एवं संभावित गड़बड़ियाँ सामने आने पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को इसकी त्वरित जांच के निर्देश दिए। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि सरकार की मंशा विकास कार्यों को 100 प्रतिशत ईमानदारी और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने की है। निर्माण कार्य ऐसा होना चाहिए जो मजबूत, टिकाऊ और आने वाले वर्षों तक आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मां ललिता आश्रम में होली मिलन काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह महोत्सव



नर्मदापुरमस(निप्र)। होलिकोत्सव के उपलक्ष में मां ललिता आश्रम परिसर में शिव संकल्प साहित्य परिषद एवं श्री मनु. तुलसी स्मृति मंच मनु तुलसी परिसर के द्वारा होली मिलन, काव्यगोष्ठी एवं नगरश्री पं गिरि मोहन गुरू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में साहित्यकारों व आचार्यों का मिलन कार्यक्रम हुआ। इस साहित्यिक व अध्यात्मिक मिलन समारोह में एक दूसरे को शुभकामनाएं देने का दौर जारी रहा। समारोह व्यास कथा मंच के अध्यक्ष आचार्य पंडित नीरजेश त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं ललिता आश्रम के संस्थापक विद्वान आचार्य पंडित अजय दुबे के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी द्वय प्रभात पांडे व हंसराय के विशेष आतिथ्य में उपस्थित आचार्यों का पंडित गिरि मोहन गुरु कृत संक्षिप्त शिव पुराणम भेंट करते हुए गुलाल लगाकर अभिनंदन अभिषेक किया गया। पंडित गिरि मोहन गुरु के जन्म दिवस पर सभी ने दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। पं गुरू द्वारा रचित शिव लघु अभिषेक एवं शिव पूजन विधि का श्री आचार्यों द्वारा लोकार्पण किया। समारोह के अगले सत्र में कवि गोष्ठी में इटारसी के वरिष्ठ कवि राम किशोर नाविक, रूपेन्द्र गौर के साथ स्थानीयों कवियों में पंडित गिरि मोहन गुरु, जगदीश बाजपेई बाबूलाल कदम, महेश मूलचंदानी सुभाष यादव एवं एलएस राजोरिया रामेश्वर यादव, अयोध्या यादव लखन प्रसाद मालवीय एवं बृजमोहन दुबे ने कार्व्य पाठ किया। विशेष रूप से कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ विद्वान आचार्य पंडित सुंदरलाल दुबे आचार्य पंडित नीरजेश त्रिपाठी आचार्य पंडित अखिलेश केशवरे आचार्य पंडित दीनबंधु दुबे आचार्य पंडित हरिओम मिश्रा आचार्य पंडित तरुण तिवारी आचार्य पंडित सत्यम दीवान आचार्य पंडित प्रमोद मिश्रा आचार्य पंडित मधुसूदन शास्त्री आचार्य पंडित संजय दुबे आचार्य पंडित कमलेश दुबे पं संजय मिश्रा, आचार्य पंडित अश्विनी शर्मा आचार्य पंडित सौरभ पालीवाल आचार्य पंडित नवीन उपाध्याय आचार्य पंडित अभिषेक शर्मा कमोद चौहान नीरज मालवीय रत्नेश खंडेलवाल राहुल सेन चेनाराम जाट उपस्थित रहे। आभार माना संयोजक रामविलास मेहरा ने।

**सफलता की कहानी**

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से आत्मनिर्भर बनीं श्रीमती मंजू यादव

### सिलाई व्यवसाय शुरू कर खोला सिलाई सेंटर, परिवार की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत



नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी का उदाहरण नर्मदापुरम जिले के वार्ड क्रमांक 31 दीवान चौक ग्वालटोली निवासी श्रीमती मंजू यादव हैं, जिनके जीवन में इस योजना से उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है।30 वर्षीय श्रीमती मंजू यादव को जून 2023 से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत नियमित रूप से आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हो रही है। योजना से मिली राशि का उपयोग करते हुए उन्होंने अपने घर से सिलाई का व्यवसाय शुरू किया, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होने लगी। श्रीमती मंजू यादव को फरवरी 2026 तक योजना की 33वीं किश्त सहित कुल 43,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। सिलाई कार्य से हुए मुनाफे और योजना से मिली सहायता राशि का सदुपयोग करते हुए उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और अब एक सिलाई सेंटर भी शुरू कर लिया है, जिसमें पांच सिलाई मशीनें संचालित की जा रही हैं। सिलाई सेंटर शुरू होने से उनकी आय में वृद्धि हुई है और परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ हुई है।

## कुसुम महाविद्यालय बानापुरा में ‘विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम’ का हुआ आयोजन

### विकसित भारत संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : सांसद दर्शन सिंह चौधरी

नर्मदापुरम (निप्र)। सिवनी मालवा कुसुम महाविद्यालय में सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य आतिथ्य में आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने युवा प्रतिभागियों से संवाद करते हुए विस्तार से चर्चा की तथा लोकतंत्र की रक्षा और उसके सुदृढ़ीकरण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने, नवाचार, स्टार्टअप, कौशल विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने, अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन, योगेंद्र राजपूत, नीरज, वरुण रघुवंशी, वीरू मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सभी आयोजकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## पिपरिया में नरवाई प्रबंधन के लिए आयोजित बैठक में एसडीएम ने दिए निर्देश किसानों को जागरुक करने के लिए चलेंगी नरवाई प्रबंधन पाठशालाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार पिपरिया में नरवाई प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री आकिप खान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गेहूं फसल की कटाई के बाद जलाए जाने वाली नरवाई पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन गश्ती दल का गठन किया जाएगा। यह दल गांवों में निगरानी करते हुए नरवाई जलाने की घटनाओं पर आवश्यक कार्यवाही करेगा। साथ ही आगामी 10 दिनों के भीतर नरवाई प्रबंधन पाठशालाओं का आयोजन कर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा।अनुविभागीय अधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों को जागरूक करने के लिए गांवों में दीवार लेखन कराया जाए तथा वाहनों के माध्यम से मुनादी कर जानकारी दी जाए। ग्राम पंचायतों में नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों के लिए कस्टम हायरिंग केंद्रों की सूची चस्पा की जाएगी तथा हार्वेस्टर संचालकों की सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि का चयन कर भूसा संग्रह किया जाएगा और इसे गौशालाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही ग्रामवार अनुपयोगी भूमि का चयन कर अस्थायी भूसा संग्रह केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस–

# मातृशक्तियों ने गुनगुनाएं नए पुराने फिल्मी गीत

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों का किया सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुर युवा मंडल का सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मातृशक्तियों को समर्पित रहा। नेहरू पार्क में महिला दिवस की थीम पर मातृशक्तियों ने नए पुराने फिल्मी व देशभक्ति गीत जाकर कार्यक्रम की शाम सुरीली कर दी। कार्यक्रम सुरीला नर्मदापुरम परिवार की मातृशक्तियां ने आयोजित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों को सुरीला सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मातृशक्तियों को सम्मान पत्र देकर और पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां मौजूद रही। सुरीला नर्मदापुरम परिवार की ओर से पूर्व नपाध्यक्ष और नर्मदापुर युवा मंडल के अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल हरिशंकर शर्मा दीपक हेमनानी दीपक महालहा रुपेश राजपूत केएन त्रिपाठी हरीश मांझी कमल झा कमल सिंह राजपूत सूरज तलरेजा राजेंद्र सिंह राजपूत प्रकाश आहूजा सहित अन्य सदस्यों ने मातृशक्तियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष परदेशी और माधवी दुबे द्वारा किया गया।

### इन मातृशक्तियों का हुआ सम्मान

सुनिता पटेल ट्रैफिक टीआई स्नेहा चंदेल आरआई पुलिस वंदना यादव लोको पायलेट भावना बिष्ठ पत्रकार, नीरजा फौजदार समाजसेवी, सीमा कैथवास पत्रकार, हेमा लोवंशी पत्रकार, जयश्री रैकवार गोल्ड मेडलिस्ट, चित्रा हर्णे सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली अन्य मातृशक्तियों का सम्मान किया गया।

### इन्होंने ने गीत संगीत की शानदार प्रस्तुति

महिला दिवस पर आयोजित संगीत भरी सुरीली शाम में अनुजा आचार्य भारती शुक्ला चंद्रप्रभा नामदेव कंचन बानोधा प्रीति सक्सेना माधवी दुबे हिमांशी परिता रक्षा श्रीवास्तव सोनम नामदेव राखी रोहर सरोज गुबरेले ज्योतिर्मयी महापात्रा सीमा रैकवार प्रतिमा करकरे डॉ नैना सोनी निकिता बरयानी कल्पना कहार ने शानदार गीत संगीत की प्रस्तुति दी।

### अतिथि शिक्षकों का मानदेय समय सीमा में भुगतान करने के निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। संयुक्त संचालक डॉ. मनीष वर्मा एवं सहायक संचालक (डीपीआई) खुर्शीदा खान द्वारा नर्मदापुरम संभाग के जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की वेबीनार के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान एवं बजट उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान वर्तमान बजट सत्र में ही किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि एजुकेशन पोर्टल से मानदेय बिल जनरेट कर ही भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। जिन अतिथि शिक्षकों द्वारा नेटवर्क की समस्या के कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी है, उनकी सूची शाला डाइस कोड सहित तत्काल संचालनालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम ( म.प्र. )**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**निविदा सूचना क्र0 8/2026/e-Tender/N.Puram** — दि0 27/02/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स0 क्रं0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_486327 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग,उपसंभाग नर्मदापुरम् के अंतर्गत तवा पुल (एस.एच.22) से मनवाडा, चपलासिर वालाभेंट,सांगाखेंड़ा डोगरवाड़ा मार्ग, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम् के आंतरिक पहुंच मार्ग एवं पवॉरखेड़ा रेल्वे फीडर मार्ग कुल ल.12.8 कि.मी पर बी.टी.नवीनीकरण कार्य। | तृतीय | 181.82 | 181820/- |
| | | | | योग (रू.लाख में) | | 181.82 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18/03/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। **मूल एफ0डी0आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त** किए जावेंगे।

**जी/26936/25**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो0नि0वि0 संभाग नर्मदापुरम**

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*